# चौथी मोहर

शुभ संध्या, प्रार्थना के लिये हम अपने सिरों को एक क्षण के लिये झुकाये।

2 हमारे अनुग्रहकारी, और स्वर्गिय पिता, आज रात्रि हम फिर से तेरी ओर बढ रहे है, अब प्रभु यीशु के नाम में तुझे दूसरे दिन के लिये धन्यवाद देने को। और अब हम आप से आज रात्रि की सभा के लिये आपकी आशीषे मांग रहे हैं, पवित्र आत्मा आये और हमें इन बातों की व्याख्या दे, जो कि हम बहुत ही परिश्रम से ढूढ रहे हैं। ओह, परमेश्वर यह इतना बहुमूल्य हो कि हम वचन के चारो ओर इस प्रकार से संगति कर सके कि जब हम छोडे हम यह कहने के योग्य हो सकेगे, “क्या हमारे हृदय हमारे में उत्तेजित नही हुये, जैसे कि उसने हम से मार्ग में बातें की? ” हम, वह जो हमारे लिये रहा उसके लिये आपको धन्यवाद देते है, और इस बात का भरोसा कर रहे है कि वह हमारे संग बना रहेगा जैसा कि हम आगे यात्रा करते है क्योंकि हम यीशु के नाम से मांगते है। आमीन।

3 आज रात्रि प्रभु के भवन में वापस आने के लिये बहुत आनन्दित है, फिर से सभा में! और हम प्रसन्न है। मैं बहुत ही प्रसन्न हूँ कि…

4 बस सोचा यह वाला नहीं आयेगा परन्तु यह अंतत: आया। और इसलिये मैं बहुत ही धन्यवादित हूँ, उन चार घुड सवारो में से अन्तिम वाला होने के नाते, जो कि मैं सोचता हूँ कि कलीसिया के लिये एक मुख्य सन्देश है, इस समय।

5 मैं नहीं जानता कि दूसरा वाला क्या है। मैं इसे बस दिन प्रतिदिन ले रहा हूँ जैसा कि वह यह प्रकट करता है। मैं इसे देने का यत्न करता हूँ, द्वारा… जैसा वह मुझे देता है।

6 क्या आप आशीषो का आनन्द ले रहे है? [सभा “आमीन” कहती है।—सम्पा।] क्या आपने ध्यान दिया कि यह कैसे कलीसिया कालो के साथ सहयोग में है कि कैसे यह बिल्कुल ठीक इसके साथ सिद्धता में इनके साथ है? यह किस प्रकार… मेरे लिये, यह यह दर्शाता है कि यह वही पवित्र आत्मा है जिसने कलीसिया कालो को दिया, उसी पवित्र आत्मा ने फिर यह

दिया है, आप देखिये, क्योंकि यह एक साथ मिले हुये है; सारा, परमेश्वर का एक बडा कार्य अपने आपको विभिन्न प्रकारों से दर्शा रहा है।

7 आप ध्यान दे, जब उसने अपने को दानियेल पर प्रकट किया, दर्शनो में, वहाँ एक ही बात का प्रतिनिधित्व होगा, जैसे कि एक—एक बकरी इस स्थान पर और हो सकता है एक वृक्ष; और अगले स्थान में यह एक मूरत होगी। और—और चीजे जो उसने की सारे समय एक चीज बनायी ताकि यह निश्चित करे कि हम इसमे चूक ना जाये।

8 अब, कुछ क्षणो पहले मैं निश्चय ही उत्तेजित था, मैं वहाँ बैठा हुआ एक महिला से बाते कर रहा था जो लगभग पच्चासी वर्ष की होगी। और वह...

9 अधिक समय नहीं हुआ, बस इसके जरा सा पहले कि पश्चिम के लिये गया, क्यों वहाँ एक छोटी सी लडकी ओहिओ में थी, मै सोचता हूँ वही थी, जो कि लिक्यूमिया की अन्तिम अवस्था में मर रही थी। अब लीक्यूमिया लहू के प्रवाह में कैंसर है। और ओह, वह छोटी सी भयानक स्थिति में कि उसके लिये कोई आशा नही थी। वे उसे नसो के द्वारा खिला रहे थे, आपरेशन से, और इस प्रकार वे वास्तव में एक निर्धन परिवार था। और वे...

10 श्रीमति किड्स और भाई किड्स उन्होंने उन्हे इस विषय में बताया कि प्रभु कितनी ही प्रार्थानाओ का उत्तर दे रहा है। और वे जमा हुये और मैं सोचता हूँ कि किसी को किराये पर लिया और उस छोटी लडकी को यहाँ ले आये। और वह बहुत ही सुन्दर छोटी लडकी, ओह, लगभग छः, सात साल की [एक बहन कहती है "नौ वर्ष" की—सम्पा।] नौ साल की। और—और वह वहाँ पीछे कमरे में थी और...

11 और जब हम प्रभु के सामने गये पवित्र आत्मा ने उसे वचन दिया और उन्हे उसे लेना था। और उसे लेना था और उसे खिलाया आप जानते है उस प्रकार से। और जब वह गयी वह हेमबर्गर के लिये रो रही थी और इस प्रकार से अपना खाना मुंह से ले रही थी। और उन्होंने उसे हेमबर्गर दिया, और स्वभाविक रुप से खाना खिलाते हुये वे आगे बढ गये।

12 थोडे ही समय में, कुछ एक दिनो में, वे उसे डॉक्टर के पास ले गये, और वे... डाक्टर बस कुछ समझ ना सका। उसने कहा, "यह ऐसा नहीं था, कि यह वही लडकी नहीं थी।" उसने कहा, "क्यों, इसमे लीक्यूमिया का एक नामो निशान तक नहीं है, कही भी, बिल्कुल कही नहीं।" इसलिये, और वह मर नहीं रही थी। उन्होंने कर दिया था उसे छोड दिया था; उसे

उसकी नसो से खाना खिला रहे थे। वह तो पीली पड गयी थी। आप जानते है वे कैसे लेते है। और इसलिये वे... और अब वह विद्यालय में दूसरे बालको के साथ खेल रही है, वह बहुत खुश है, जितनी वह हो सकती है।

13 इसी का मुझे एक और मामला याद आता है। एक दिन, मैं घर आया, वहाँ एक था... यदि मैं गलती ना करूं, वे या तो ऐपोस्कोपेलयन या प्रेसपिटेरियन लोग थे जो कैनसास से एक छोटी लडकी को ले कर आये थे। और डॉक्टरो ने उसे लिक्यूमिया के साथ छोड दिया था। और मै विश्वास करता हूँ कि उन्होंने उसे जीवित रहने के लिये चार दिन दिये थे; वह इतनी खराब हालत में थी। इसलिये उन्होंने कहा कि वे उन चार दिनो को यहाँ पहुचने में लगायेगे, उस पडने वाली बर्फ में से होते हुये और आदि–आदि, राष्ट्र के उस पार कि उस पर प्रार्थना की जाये। और दादा, एक अच्छा बूढा सा दिखने वाला पुरुष, उसके बाल सफेद थे।

14 और पहले ही उनके दो दिन निकल चुके थे, यहाँ एक छोटे से मोटल में। मैं—मैं समझता हूँ कि वे यहाँ नहीं खडे है क्या सिल्वर क्रीक के इस ओर। और इसलिये उस रात्रि मैं उसके लिये प्रार्थना करने गया। यह जल्दी भोर का समय था। मैं उसी रात्रि आया था बाहर नगर से और गया, और बूढे पिता... दादा, फर्श पर चहल कदमी कर रहे थे। और माँ बालक की देख भाल का यत्न कर रही थी।

15 और जब कि मैं प्रार्थना में घुटने टिकाये हुये था, पवित्र आत्मा ने मुझ पर एक भेद प्रकट किया जो मां और पिता के बीच मे था कुछ जो उन्होंने किया था। मैने उन्हे एक ओर बुला इस विषय में पूछा। उन्होंने रोना शुरु कर दिया, कहा, कि, “यह ठीक बात है।”

16 तब मैने मुड कर देखा और मैने देखा छोटी लडकी रस्सी कूद रही है, खेलने जा रही है। और अब वह छोटा बालक... तीन सप्ताह के समय में, उन्होंने मुझे उस लडकी की तस्वीर भेजी है, कि विद्यालय में रस्सी कूद रही है और उसमें कही भी कोई लिक्यूमिया नही है।

17 अब, अब, यह गवाहिया प्रमाणित सत्य है, इसलिये हमारा परमेश्वर इतना वास्तविक है, आप देखिये। हम बस उसकी सेवा करते करते और—और उसका विश्वास करते है। और—और मैं—मैं जानता हूँ कि वह वास्तविक है।

18 अब मैं अपना भरसक यत्न कर रहा हूँ और जबकी कुछ अन्दर कि ओर हमारे बीच में अपने मार्ग पर हो कर। और अब आज रात्रि हम कोशिश करने जा रहे है, परमेश्वर के अनुग्रह से कि उस चौथी मोहर को ले और देखते है कि पवित्र आत्मा ने हमसे क्या क्या कहना होगा, इसमें।

19 अब, मैं प्रकाशितवाक्य का छठवा अध्याय पढने जा रहा हूं, सातवे पद से आरम्भ करके; सातवा और अठवा। वहाँ सदा दो पद होते है; पहला वाला उद्घोषणा करता है और दूसरा पद है, उसने क्या देखा।

> *जब उसने चौथी मोहर खोली, तो मैने चौथे प्राणी का शब्द यह कहते सुना, आ और देख।*
>
> *मैने दृष्टी की, और देखो एक पीला सा घोडा है; और उसके सवार का नाम* (जो बैठा है) *मृत्यु था, और अधोलोक उसके पीछे है... और उन्हे पृथ्वी कि एक चौथाई पर यह अधिकार दिया गया कि तलवार और आकाल, और मरी और पृथ्वी के बन पशुओ के द्वारा... लोगो को मार डाले।*

20 अब, प्रभु हमारी सहायता करे, कि इसे समझे। यह एक भेद है।

21 अब, इसके समर्थन में एक छोटी सी भूमिका, जैसा कि हमने कलीसिया कालो में किया, ये घुडसवार और इन मोहरो का टूटना। अब, इसलिये हम इसे अपने मस्तिष्क में लेगे थोडी बात करेगे जब तक की हम अनुभव करे कि यह बोलने का उपयुक्त समय है।

22 अब, हमने इस पर अब ध्यान दिया है, कि मोहरो का टूटना यह छुटकारे की मोहर बंद पुस्तक है। और फिर पुस्तक बंडल के समान लपेटी हुयी है, जैसा कि पुरानी विधी थी।

23 [भाई ब्रन्हम बंडल लपेट कर दर्शाते है, कागज के पत्र के द्वारा।—सम्पा।] यह *इस* प्रकार कि पुस्तक नही थी; क्योंकि यह तो हाल ही में आई है, इस प्रकार की पुस्तके, पिछले, मैं समझता हूँ पिछले देड सौ वर्षो या कुछ दो सौ। और तब वे इसे लपेटते होगे फिर सिरे को खुला छोडते। जैसा कि मैने आपको बताया कि यह कैसे किया गया था और वचनो को कहाँ ढूढा जाये, और यर्मयाह में और आदि–आदि तब अगला इसके चारो ओर लपेटा गया। फिर अन्तिम छोर खुला छुडा और यह *इस* प्रकार से।

24 और हर एक मोहर थी। और यह सात मोहरो से बन्द एक पुस्तक थी, और यह एक थी... कोई भी... जब वे थे... यह सात मोहरो से बन्द छुटकारे की पुस्तक थी। मुझे क्षमा करें।

25 और तब कोई भी स्वर्ग या पृथ्वी या पृथ्वी के नीचे इसे खोलने योग्य नहीं था या यहाँ तक की उस पर दृष्टी करे। और यूहन्ना रोया, क्योंकि वह किसी मनुष्य को नही पा सका... क्योंकि, यदि वह पुस्तक उसके मूल स्वामी के हाथो से नहीं ली गयी... जो कि यह आदम और हवा के द्वारा खो दी गयी थी, और उनके द्वारा जब उनके वचन के अधिकार जब्त कर लिये गये यह वापस चली गयी, उनके उत्तराधिकार की प्रतिज्ञा।

26 वे, याद करते है कि वे पृथ्वी का नियन्त्रण रखते है। वह एक था— वह एक छोटा ईश्वर था क्योंकि वह एक परमेश्वर का पुत्र था। और एक परमेश्वर का पुत्र एक छोटा ईश्वर है। अब, यह वचन के विरोध में नही है। मैं जानता हूँ सुनने में अजीब लगता है।

27 परन्तु यीशु ने कहा, "यदि तुम जिनके पास परमेश्वर का वचन आता है उन्हे कहते हो... " और परमेश्वर का वचन कहाँ आता है? [सभा कहती है "भविष्यद्वक्ता।"—सम्पा।] भविष्यद्वक्ताओ के पास। "यदि तुम उन्हे 'ईश्वर' कहते हो, जिनके पास परमेश्वर का वचन आता है, तो तुम मुझे कैसे दोषी ठहराते हो, जब मैं कहता हूँ कि मैं परमेश्वर का पुत्र हूँ? " समझे?

और, अब, वे ईश्वर थे।

28 और मनुष्य, यदि आप एक परिवार में जन्म लेते है अपने परिवार के नाम, आप एक पुत्र है, और अपने पिता का भाग है।

29 और फिर—फिर जब पाप अन्दर आ जाता है, हम पाते है कि मनुष्य उस खाई को पार कर गया। और—और बैलो और बकरो के लहू ने ढांप लिया, परन्तु छुडाया नहीं। जब तक कि वास्तविक निरंजक (ब्लीच) नहीं आया, वह पाप के दाग को मिटा सकता था और उसे पूरी रीति से टुकडों में तोड सकता है और उसे वास्तविक दूषित करने वाले के पास भेज सकता है, यह शैतान था।

30 जब यह शैतान के पास चला गया, वह अपने अनन्त विनाश की प्रतिक्षा करने लगा। अब, ये दर्शाता है कि हम क्या विश्वास करते है। हम विश्वास करते है कि वह बिल्कुल पूर्ण रीति से दूर और नष्ट हो गया है।

31 मैं विश्वास करता हूँ कि पाप टूट जायेगा। और जब ये स्वीकार किया गया, यीशु मसीह के लहू के आधार पर, ये ऐसा है जैसे एक काली स्याही की बून्द निरंजक याने ब्लीच में डाली जा रही है। यह बस इसे रसायनों में तोड देता है, और इसे वही वापस भेज देता है जहाँ से ये आया है। समझे? और इसी प्रकार से यीशु मसीह का लहू करता है।

32 तब यह मनुष्य को फिर से खाई के पार स्थिर कर देता है, परमेश्वर के पुत्र के समान। समझे? और तब वह—तब वह एक—एक हो जाता है... क्यों, यहाँ तक की वह... परमेश्वर सृष्टि करने वाली सामर्थ उसमें है। और कम से कम जब कभी परमेश्वर इसे हो जाने के लिये आदेश दे सकता है, यह हो जायेगा। और हम वापस जाते है। तब जब...

33 मूसा, बैलो के लहू तले और जब वह ज्योति से मिला उस अग्नी स्तभ से उस जलती हुयी झाडी में। और वह वहाँ परमेश्वर ने जो अधिकार उसे दिया था वहाँ खडा हुआ। और वह एक भविष्यद्वक्ता था। और जब प्रभु का वचन उसके पास आया, उसने बोला, और यहाँ तक वचन के द्वारा चीजो की सृष्टि की गयी। समझे?

34 अब, यदि यह उसकी आधीनता में करता है, बैलो के लहू के, तो फिर यीशु के लहू के विषय में क्या है? ढांका नही; परन्तु इसे सारा का सारा छुडा लिया। और आप परमेश्वर की उपस्थिति में खडे है, एक छुडाये हुये पुत्र के समान। अब देखिये, कलीसिया अपने जीने के स्तर से बहुत आगे है। और मैने बहुत बार सोचा, कि हम खोज बीन कर रहे है बजाये कि हम वास्तव में बाहर आये और समस्याओ का सामना करे।

मेरे पास कुछ है, मैं कहना चाहता हूँ, और समय पर कहूँगा।

35 और अब ध्यान दे कि कलीसियाओ में कही कुछ गलत है। और मैं सोचता हूँ यह नामधारी तंत्र है जिसने लोगो के विचारो को घुमा दिया है और आदि–आदि, यहाँ तक की वे यह नहीं जान पाते है कि कैसे करना है। यह ठीक बात है।

36 परन्तु हमें प्रतिज्ञा दी है कि यह प्रकट किया जायेगा। और अब यहाँ वे सात मोहरे है जिनसे यह पुस्तक मोहर बंद है। और अब वे सात मोहरे...

37 और फिर इन सात मोहरो के पूरा होने के बाद, हम प्रकाशितवाक्य 10 में पाते है कि वहाँ सात भेद भरी गर्जने थी जिनको यूहन्ना को लिखने का अधिकार था, परन्तु फिर उन्हे लिखने के लिये मना किया गया। उन

गर्जनों के समय हम पाते है मसीह, या, “स्वर्गदूत मेघधनुष्य के साथ नीचे आया और अपने पैर भूमी और समुन्द्र पर रखे और शपथ खाई कि उस समय, समाप्त हो गया।”

38 और तब हम पाते है—पाते है कि मोहरो के प्रकाशित करने में, उस मेम्ने ने बिचवाई करने वाली मध्यस्तता छोड दी और अब अपने अधिकार का दावा करने सामने आया है उन सबका, जिनको उसने अपनी मृत्यु के द्वारा छुडाया।

39 और तब कोई भी पुस्तक को नही खोल सका। इसे कोई भी नही समझ सका। यह एक छुटकारे की पुस्तक थी। और परमेश्वर पिता, आत्मा यह उसके हाथ में थी, मसीह सिंहासन पर एक मध्यस्था के समान था, केवल वही मध्यस्थता। इसलिये वहाँ कोई भी संत, ना मरियम, ना यूसुफ, कोई कुछ नहीं वहाँ उस वेदी पर जो हो सका क्योंकि यह लहू था। और केवल यीशु का लहू क्षतिपूर्ती कर सका, इसलिये कोई भी एक मध्यस्थ के समान ना खडा हो सका। यह ठीक बात है। वहाँ कोई भी नहीं था।

40 इसलिये ये सारे विचार जो बिचवाई के है, यहूदा राजनीति के लिये और संत सिसलिया से किसी चीज के लिये, यह निरर्थक है। यह नहीं... मैं—मैं उन लोगो के लिये नहीं कहता कि वे लोग ईमानदार और सच्चे नहीं है। मै नही कहता हूँ कि ऐसा करने में आप सच्चे नहीं है, यदि आप यह करते है। परन्तु आप—आप गलत है और आप ईमानदारी के साथ गलत है। और काई भी चीज...

41 वे कहते है, “भाई यह—यह स्वर्गदूत, यह—यह संत बोनीफर पर प्रकट हुआ और *यह, वह* कहा और *कुछ*। और उन्हे *यह* कहना चाहिये।” मेरे मस्तिष्क में लेश मात्र सन्देह नहीं है कि किसने दर्शन देखा। मैं सन्देह नही करता कि जोसफ स्मिथ ने क्या दर्शन देखा, परन्तु यह बाकी वचन के अनुसार नही है, इस प्रकार यह मेरे लिये गलत है। समझे? इसे बाकी वचन के साथ आना चाहिये।

42 और इसी प्रकार से कलीसियायी काल और मोहरे, और बाकी सारे। और जब कोई सोचता है कि उसके पास वे सात गर्जने है, यदि यह बाकी वचन के साथ मेल नहीं खाता, तो वहाँ कुछ गलती। समझे? इसे तो यहोवा यों कहता है, क्योंकि *यह* वह पुस्तक है। *यह* कुल मिलाकर यीशु मसीह का प्रकाशन है।

अब मैं—मैं विश्वास करता हूँ कि तब वह मेम्ना सामने आया।

43 उन्हे नहीं मालूम। यूहन्ना रो रहा था। उसने किसी को भी ना स्वर्ग में, पृथ्वी में नहीं पाया क्योंकि सारे खाई के उस पार थे, देखिये, पाप। वहाँ कोई मनुष्य नहीं था... और एक स्वर्गदूत निसन्देह, वह योग्य होगा, परन्तु, इसके बाद इसे निकट कुटम्बी होना था। इसे मनुष्य ही होना था। और ऐसा कुछ नहीं था क्योंकि हर मनुष्य कामुकता के द्वारा जन्मा था।

44 एक ऐसा होना था जो इसके बिना जन्मा हो। इसलिये यह स्वयं परमेश्वर ने लिया उस कुवारी के जन्म में और इम्मेनवेल बन गया। उसका ही एक लहू था जो योग्य था। तब, जब उसने यह खाई, स्वयं से पार की और दाम का भुगतान किया, और हम बाकीयो के लिये मार्ग जोड दिया और तब वह मध्यस्थ होने के लिये बैठ गया। और वह वहाँ बैठा हुआ है।

45 और वास्तव में पुस्तक सारे समय बन्द रही। यह वहाँ है, परन्तु यह अब भी प्रतीको में है। उन्होंने इसे देखा यूहन्ना ने भी देखा, वह घोषणा जब पहले वाला आगे आया, उसने कहा, "एक सफेद घोडा निकला; उस पर एक सवार था; उसके हाथ में एक धनुष था।" यह एक प्रतीक है। यह प्रकट नहीं हुआ। नहीं। यह बस एक प्रतीक है। और जहाँ तक कोई भी मनुष्य इस पृथ्वी पर है, कुल मिलाकर वह कह सका। यह ठीक है। वह ठोकर खा और डगमगा सकता है, कोई सन्देह नहीं *इधर*, *उधर* तुक्के मारता, और थोडे समय बाद।

46 परन्तु तब हम पाते है कि प्रकाशितवाक्य की पुस्तक में, "सातवे दूत के सन्देश पर भेद (इसके सारे भेद) उस समय तक खुल जाने चाहिये।" अब, यह प्रकाशितवाक्य 10:1–7 इसे प्रकट हो जाना चाहिये, उस समय के अनुसार, उस समय जब उसने किया।

47 तब सात गर्जनो ने अपने अपरिचित शब्द दिये और यूहन्ना लिखने पर था। परन्तु यूहन्ना जानता था कि यह क्या था, परन्तु उसने इसे लिखा नहीं, क्योंकि उसे यह लिखने के लिये मना किया गया। यह पूर्णत: कुल मिलाकर एक भेद है। यह प्रतीक में भी नहीं है या कुछ नहीं, हम बस जानते है कि वह... यह गर्जे, बस।

48 और अब, इसका अध्ययन करने में मत भूलिये, अब रविवार, या, रविवार प्रात: हमने चंगाई सभा हटा दी है क्योंकि लोगो के प्रश्न के उत्तर देने है, मैं चाहता हूँ कि आप इन सात मोहरो पर प्रश्न करे। यदि यह आपको

परेशान कर रही है, कुछ ऐसा जो आप नही समझते, हम इन्हे सात मोहरो पर ले, तब मैं शनिवार रात्रि तक बता सकता हूँ, कि यह उत्तर दने के लिये प्रयाप्त है या नहीं, आप देखिये। और तब हम कहते है भाई, किसी और चीज के विषय में था, "मुझे *यह* करना चाहिये?" या—या, स्वप्न हो सकता है, वे, वे सारी प्रशंसनीय बाते है, परन्तु हम सात मोहरो के साथ बने रहें, यही जिस पर हम हैं। आईये... इसी के लिये सभा तैय्यार की गयी है सात मोहरे। हम इसी के साथ बने रहे।

49 मुझे घर जाना है, थोडी सी सभाये वहाँ पश्चिम में करनी है। तब मैं फिर वापस आऊंगा, थोडे से एक या दो महिनों में या कुछ इस प्रकार से और हो सकता है, प्रभु हमे अनुमति देगा कि हम इस पर कुछ और ले सके, हो सकता है एक चंगाई सभा या फिर कुछ और या हम जो भी... ये जो भी हो।

50 तब हम सात तुरहियो को लेते है कि अभी सामने आये आप देखिये। और वह सब इसमे भी आता है। और सात कटोरे देखिये उण्डेले जाने है। इस प्रकार से यह सब यहाँ एक साथ मिले हुये है, परन्तु यह सब अभी भेद भरा है।

51 अब पिछली रात्रि... हम पाते है कि पहली मोहर आगे बढी और सवार... और प्रभु... इसलिये मेरी सहायता करें, इसके पहले मुझे कभी भी मालूम नहीं था। ये बातें मुझे पहले कभी नहीं मालूम थी। यह ठीक बात है। और मैं बस नहीं।

52 वहाँ जाकर और बाइबल लो और बैठ जाओ, और तब तक बैठो जब तक इस प्रकार से खुल कर सामने आने लगे। मैं बस अपनी कलम उठा कर लिखना आरम्भ करता हूँ। और घंटो वही बना रहता हूँ, जब तक यह यह समाप्त नही हो गया।

53 तब मैं वापस जा कर ढूढता हूँ जैसा कि मैं देखता हूँ उसने यह कहाँ कहा है। मैने सोचा, "ठीक है, ऐसा दिखता है कि मैने यह कही देखा है।" मैं अपना सामजस्य लेता हूँ, वापस देखता हूँ। "क्या इस प्रकार की कोई चीज है? और यह ठीक *यहाँ* पर है। और फिर ये *यहाँ* पर है फिर से। और यह *यहाँ* पीछे है और *यहाँ* और *यहाँ*।" और तब इसमें मिलता हूँ और जैसे मैं वचन के साथ वचन मिलाता हूँ। मैं जानता हूँ यह परमेश्वर है, इसे

इसी प्रकार से करना चाहिये। जैसे कि एक इमारत को बनाना, पत्थरों को सही बैठना चाहिये, पत्थर के साथ पत्थर।

54 अब, पिछली रात्रि हमने तीसरी मोहर खोली थी। पहली, सफेद घोडा थी और अगली, लाल घोडा और फिर एक काला घोडा। और हम पाते है कि घुडसवार सारे समय एक ही घुडसवार था और वह आरम्भ से ही मसीह विरोधी था। उसके पास कोई मुकुट नहीं—नहीं था, परन्तु बाद में उसे मिला और फिर हम पाते है कि तब उसे एक तलवार दी गयी कि पृथ्वी से शान्ती उठा ले और हम पाते है कि उसने यह किया। तब वह दान देने वाले धर्मसिद्धान्त के साथ अन्दर आता है कलीसिया, पैसो के साथ, इसके लिये दीनार में वह *यह* तौलता है और दो दीनार *उसके* लिये। परन्तु उसे तेल और दाखरस मना किया गया, जो कि थोडा ही बचा था।

55 और तब हम देते है, पिछली रात्रि बचा हुआ, इस स्पष्टीकरण के साथ कि तेल और दाखरस क्या था और इसका क्या प्रभाव था। और हम... यह थोडा सा आपत्तीजनक सा सुन पडता है, परन्तु मैं... यह बिल्कुल सत्य था। समझे? अब, हमने इस पर छोडा था... आईये कुछ क्षण के लिये अब इसको फिर से देखे और तब हमने थोडा सा दाखरस कि सामर्थ, तेल ने किसे दर्शाया आत्मा को। अब मैं समझता हूँ आप सब ने यह लिख लिया होगा। आप इसे टेप पर पायेगे, यदि आपने नही पाया। और वचनो को कहां पाये, कि तेल सदा पवित्र आत्मा का प्रतीक है जैसे कि मूर्ख कुवारियां बिना तेल के थी, बुद्धिमान तेल के साथ जो कि पवित्र आत्मा है। और तब पीछे भविष्यद्वक्ताओं में और आदि–आदि। और अब मैं...

56 निसन्देह, मैं सारे वचनो को यहाँ लेने का यत्न नहीं कर रहा हूँ। और वहाँ कुछ बाते जिनके विषय में आप बात भी नहीं कर सकते; बहुत ही समय लेता है। परन्तु मैं इसे यहाँ रखने का यत्न कर रहा हूँ वचनों के साथ और आदि–आदि, लोगो को प्रयाप्त देने के लिये ताकि वे इसे जान जाये और इसका चित्र देखे। परन्तु यदि आप इन मोहरो के साथ बैठेगे क्यों ओह वो आप हर रात्रि महीने पर प्रचार कर सकते है ठीक मोहर पर और फिर उसे छूते नही देखिये उनमे से एक। और इस प्रकार से इसके लिये कितना है, केवल विशेष बाते, तब आप सकते है—आप देख सकते है कि यह सब किस विषय पर है।

57 अब, जैसे कि तेल पवित्र आत्मा का प्रतीक है। तब हम पाते है कि तेल और दाखरस आराधना से जुडे हुये है, देखिये, सदा आराधना से जुडे है।

58 और दाखरस, मैने कहा, जो कि मेरे पास आता है कि दाखरस कि वह सामर्थ थी जिसका यह प्रतीक है, यह प्रकाशन द्वारा उत्तेजना की सामर्थ थी। समझे? और यह जब कुछ प्रकट किया गया, तो यह विश्वासी को उत्तेजित करता है, क्योंकि यह प्रकाशन के द्वारा रखा गया है। समझे? यह कुछ ऐसा है जो परमेश्वर ने कहा है। यह एक भेद है, वे इसे नही समझ सकते, देखिये। और थोडी देर बाद परमेश्वर नीचे उतर कर आता है, और इसे प्रगट करता है, और फिर इसका समर्थन करता है।

59 याद रखे, यदि सत्य प्रकट हुआ तो सत्य का भी समर्थन किया गया। परमेश्वर निरन्तर कोई मतलब नही व्यक्ति कितना तेज है, हो सकता है, वह अपनी बुध्दी में कितना तेज है; यदि जो वह कह रहा है, परमेश्वर उसका समर्थन ना करे तो वहाँ कुछ गडबड है। समझे? ठीक है। क्योंकि, यह वचन है।

60 अब जब मूसा परमेश्वर की प्रेरणा के आधीनता में वहाँ गया, कहा, “मक्खियाँ आ जाये।” मक्खिायाँ आ गयी। कहा, “मेढक आ जाये।” मेढक आ गये।

61 देखिये क्या हो यदि वह कहे, “मक्खियाँ आ जाये,” और वे नहीं आयी? देखिये, तब उसने—उसने प्रभु का वचन नहीं बोला, देखिये; वह केवल बोला, वह अपना ही वचन बोला। वह सोच सकता होगा कि मक्खियाँ होनी चाहिये, परन्तु वहाँ मक्खियाँ नहीं आयी क्योंकि परमेश्वर ने उससे ऐसा नहीं कहा था।

62 और जब परमेश्वर आपको कोई चीज बताता है और कहता है, “तू *इस* पर जा, और मैं ठीक इसके साथ होऊँगा, क्योंकि यह मेरा वचन है,” और वह इसे बाइबल में दिखाता है और फिर परमेश्वर इसका समर्थन करता है। और यदि यह बाइबल में नहीं लिखा है, परमेश्वर इसके समर्थन में है, जैसा भी है, यदि यह परमेश्वर का वचन है। समझे?

63 और फिर यदि यह इससे बाहर है, यह भविष्यद्वक्ताओं पर प्रकट किया गया है। हम यह अनुभव करते है कि परमेश्वर के सारे भेद भविष्यद्वक्ताओ पर प्रकट किये गये है और केवल उन पर। देखिये, आमोस 3:7।

64 अब प्रकाशन की सामर्थ विश्वासी में उत्तेजना उत्पन्न करती है। क्योंकि दाखरस की सामर्थ, स्वभाविक दाखरस उत्तेजना के लिये। समझे? यह एक व्यक्ति को लाने के लिये जो कुछ कुल मिला सुस्त हो गया, उत्तेजित करने के लिये। समझे? समझे? अच्छा तो फिर अब, वहाँ प्रकाशन की एक सामर्थ है वचन, की जो विश्वासी को आनन्द कि उत्तेजना देता है, सन्तुष्टी की उत्तेजना, उत्तेजना कि यह प्रमाणित हुआ, सिद्ध हुआ।

65 यह वचन में कहलाया जैसा कि हम इसका उल्लेख करना चाहते है, जैसे कि "एक नया दाखरस।" हम सदा इसका इसी प्रकार से उल्लेख करते है, "यह नया दाखरस पिये हुये है।" समझे? ठीक है। या, "आत्मिक दाखरस," मै समझता हूँ, सबसे अच्छा अनुवाद होगा, यह "आत्मिक दाखरस" पर होगा। जैसा कि स्वभाविक दाखरस स्वयं को उत्तेजित सामर्थ में दर्शाता है, ऐसे ही नया दाखरस, जैसा कि यह परमेश्वर का वचन प्रकट करता है, जो कि आत्मा है। ओह! अब वहाँ एक... यह एक... देखिये वचन स्वयं–भू में आत्मा है। आप यह विश्वास करते है? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।]

66 आईये इसे पढे, आईये इसे पढे, संत यूहन्ना 6। आईये जरा... जी हाँ, तब आप, तब आप—आप नहीं कहेगे, "ठीक है, अब किसी ने ये कहा।" आईये—आईये देखे किसने यह कहा और फिर हम जानेगे कि यह सत्य है कि नहीं। संत यूहन्ना 6 वां अध्याय। और 6 वां अध्याय, और मैं विश्वास करता हूँ कि यह 63 वां पद है। ठीक है, मैं सोचता हूँ, यही है। जी हाँ।

*आत्मा तो जीवनदायक है, शरीर से कुछ लाभ नहीं: जो बाते मैने तुम से कही है, वे आत्मा है, और जीवन भी है।*

67 वचन अपने में आत्मा है। यह आत्मा वचन के रुप में है। और तब आप देखते है, जब यह जिलाया गया था, या जीवन में लाया गया, वचन का आत्मा कार्य करने को जाता है। समझे? क्योंकि यह...

68 अब इधर देखिये। एक विचार इस से पहले कि वचन हो सके, एक विचार है। और तब जब एक विचार रखा गया यह एक वचन है। अब *यह* परमेश्वर का विचार है जो कि वचन में रखा गया है। और तब जब हम इसे उससे पाते है, यह वचन हो जाता है।

69 परमेश्वर ने मूसा पर प्रकट किया कि क्या करे, मूसा ने यह कहा और यह घटित हो गया। समझे? यही है, जब यह वास्तव में परमेश्वर की ओर से आता है।

70 अब हम पाते है कि यह यह उत्तेजित करता है और यह आनन्द देता है, क्योंकि यह परमेश्वर का वचन है। और नया दाखरस, नया दाखरस उत्तेजित करता है... जब यह वचन को प्रकट करता है। तब, सीमा से बाहर आनन्द लाता है कभी–कभी। हम इसमें होकर निकले, कि यह ऐसा आनन्द लाता है कि आप उमडने लगते है।

71 अब मैं जानता हूँ बहुत ही धर्मान्धिता है, और लोग बढते जा रहे है। मैं जानता हूँ कि कभी–कभी वे यह करते है जब संगीत बजता है ऊपर–नीचे कूदते है और सब कुछ। और मैं जानता हूँ यह चलता है। और मैं भी विश्वास करता हूँ। परन्तु मैने लोगो को दिन में देखा है, जब, जब तक संगीत बज रहा है, हर कोई कूद रहा था और चिल्ला रहा था परन्तु जब संगीत रुक गया, यह रुक गया। समझे? मैं विश्वास करता हूँ... भाई कि, यह अब भी ठीक है, जहाँ तक मेरा मामला है, आप देखिये, जब तक लोग सही जीते है। और...

72 परन्तु, अब, क्या, आपने वचन लाना आरम्भ कर दिया! यही वह बात है जो वास्तव में जीवन लाता है, वचन है, और यह आनन्द की उत्तेजना लाता है नये दाखरस की। समझे? जी हाँ और यही जो पेंटीकोस्टल पर था, जब वचन प्रमाणित हुआ था।

73 अब देखिये। अब यीशु ने उन्हे बताया, लूका 24:49, "देखो, मैं अपने पिता की प्रतिज्ञा को तुम पर भेजता हूँ; परन्तु तुम यरुशलेम को जाओ और तब तक प्रतीक्षा करो।" पिता की प्रतिज्ञा क्या थी? योएल 2:28, क्यों, हम पाते है, वह "आत्मा उण्डेलने जा रहा है।" यशयाह 28:19 में, कैसे वहाँ "होठो का थरथराना होगा और अन्यभाषायें," और ये सारी चीजे।

74 वे वहाँ गये और जैसा कि हम इसमें होकर निकले हो सकता है एक ने कहा, "भाई, मैं विश्वास करता हूँ कि हमने काफी प्रतीक्षा कर ली। आईये हम इसे विश्वास से स्वीकार कर ले।" यह बैपटिस्ट की एक अच्छी शिक्षा है, परन्तु भाईयो इस से वहाँ काम नहीं चला।

75 इसलिये तब पहली बात आप जानते है, इसे तो एक वास्तविकता ही होना था। और वे अपनी सेवकाई में प्रतीक्षा करते रहे, क्योंकि वचन को

प्रमाणित होना था। और जब आप पवित्र आत्मा ढूंढने आते है, आप वही करते है।

76 जी हाँ, आप इसे विश्वास से स्वीकार कर सकते है। यह बिल्कुल ठीक बात है। और आप पवित्र आत्मा को विश्वास के द्वारा स्वीकार करते है; परन्तु तब पवित्र आत्मा को आने दे और गवाही के समान खतना दे कि उसने आपका विश्वास स्वीकार कर लिया है, आप देखिये। तब, देखिये, "अब्राहम ने परमेश्वर का विश्वास किया, और यह उसके लिये धार्मिकता गिना गया।" परन्तु परमेश्वर ने उसे एक खतने का चिन्ह दिया, एक पुष्टी के समान, उसने उसके विश्वास को स्वीकार किया।

77 इसलिये यही चीज हमें करनी चाहिये। हमें पवित्र आत्मा की प्रतीक्षा करनी चाहिये जब तक कि यह कुछ कर ना दे; कोई जरुरी नहीं, क्योंकि हमने अन्य भाषाये बोली है नही क्योंकि हम नाचे है या हम भावुक हुये है, हम चिल्लाये है, जब तक हम बदल ना गये थे; जब तक वास्तव में कुछ घटित ना हो जाये! मैं चिन्ता नहीं करता यह किस रुप में अन्दर आता है। बस यह घटित हो गया यहीं खास बात है। समझे?

78 और मैं विश्वास करता हूँ कि अन्य भाषाओ में बात करना और यह सारी दूसरी चीजे ठीक है, परन्तु यह अपने आप में काम नहीं करेगा। और आप जानते है कि यह काम नहीं करेगा। इसलिये यह वह नहीं करता।

79 मैने जादूगरनी को अन्य भाषाओ में बात करते देखा है और आत्मा में नाचते हुये। निश्चय ही। पेंसिल को नीचे रख देते है और यह अन्यभाषाओ में लिखती है। और कोई इसका अनुवाद करता है। यह ठीक बात है। और सच बताते है। यह ठीक बात है। बिल्कुल ठीक वही लिखता है जो घटित हुआ ओर यह ठीक उसी प्रकार से है। देखिये अपने सिरो पर धूल डालते है और अपने आप को चाकुओ से काटते है और जंगली जानवरो के लहू से अपने आप को ढांप लेते है या किसी चीज से, और—और, निश्चय ही, देखिये और शैतान को बुलाते है। इसलिये, आप देखिये, यह नहीं...

80 अन्य भाषाओ में बोलना यह नहीं करता। "यद्यपि मैं मनुष्यों और स्वर्गदूतो की बोली बोलू और प्रेम ना रखूं, तो मुझे क्या लाभ। देखिये, यदि मैं यह कर सकूं!" समझे? इसलिये इन बातो का यह अर्थ नहीं कि आपके पास पवित्र आत्मा है।

81 परन्तु जब वह, जब वह, वह व्यक्ति, मसीह का अमरण आत्मा आपका व्यक्तिगत बचाने वाला हो जाता है, और आपको बदल देता है, और आपके विचारो को सीधा कलवरी पर ले जाता है, और इस वचन पर, तो कुछ हो जाता है। जी हाँ, श्रीमान। तो कुछ हुआ है। इस विषय में आपको किसी को बताना नहीं पडेगा। जब यह घटित होता है तो आप जान जायेगे।

82 और नया दाखरस, जब यह प्रकाशन लाता है, तब ये, यह प्रकट हो गया।

83 और इसी प्रकार से यह पेंटीकोस्ट पर था। वे जान गये कि एक आत्मा को उन पर उतर कर आना है, और जब तक यह नही हो गया उन्होंने प्रतीक्षा की। और जब प्रकाशन का प्रमाण घटित हुआ, तब उन पर उत्तेजना थी। तो निश्चय ही उन्होंने किया। वे मर भी गये थे, वे सीधे सडको पर बाहर आ गये जहाँ वे डरा करते थे और दरवाजे बंद रखते थे। और वे बाहर सडको पर थे; जहाँ वे लोगो के झुण्ड से डर रहे थे, उन्हे सुसमाचार प्रचार कर रहे थे! यह ठीक बात है। समझे? कुछ तो घटित हुआ था, क्योंकि प्रतिज्ञा का सच्चा वचन प्रमाणित हुआ था।

84 अब आईये यहाँ एक मिनट के लिये रुके। यदि यह उन मनुष्यों के लिये सकारात्मक लाया कि वे—वे... लगभग हर किसी ने अपनी गवाही को अपने लहू से मोहर लगाई। कोई मतलब नही कि क्या हुआ जब तक वे जीये, वे इस पर जय ना पा सके। यह वही बना रहा, क्योंकि यह प्रतिज्ञा का सच्चा वचन था प्रमाणित किया हुआ। प्रकाशन प्रमाणित हो गया। और वे मर गये, अपनी गवाहियो को अपने लहू से मोहर बंद किया।

85 अब अन्त के दिनो की प्रतिज्ञा को देखे। और यहाँ हम इसे अपने सामने प्रमाणित होते हुये देखते है, इस समय का पवित्र आत्मा का आगमन और वे काम जो उसे करने थे और हम इसे ठीक अपनी बीच में पाते है। समझे? ओह हमे चाहिये... ओह प्रभु! हम कैसे सुन सकते है? कुछ घटित हुआ है, मित्रो! मैं आपको बताता हूं जब वास्तविक, सच्चा निष्कपट, पहले से ठहराया हुआ विश्वासी जब वह उजियाला बीज पर पडता है, तो कुछ फाड कर नये जीवन में आता है। कुए पर वह छोटी स्त्री!

86 जब वे ज्ञानी याजक कह रहे थे, "भाई, यह तो शैतान है। यह भावी बताने वाला है। वह—वह लोगो को उनका भाग्य बता रहा है। और वह—वह एक शैतान है।"

87 परन्तु जब वह छोटी स्त्री ठहराये हुये बीज के साथ! अब आप सोचते है कि यह ठीक नही है? परन्तु यीशु ने कहा, “कोई मनुष्य नही आ सकता, जब तक की मेरा पिता उसे खींच ना ले; और वह सब जो पिता ने मुझे दिया है आयेगा।” और वह...

88 और मसीह विरोधी, अन्त के दिनो में, योग्य होने जा रहा है... कि मसीह विरोधी आत्मा, जिसका हम अध्ययन कर रहे है, इस नामधारीवाद में और यह सिद्ध कर दिया है कि नामधारीवाद मसीह विरोधी है। अब कोई भी मनुष्य यहाँ से उठ कर जा सकता है इस प्रकार से, वह, वहाँ कुछ गडबड है और अब भी विश्वास करता है कि नामधारी व्यवस्था मसीह विरोधी नहीं है। जब कि यह पूरी रीति से सिद्ध हो गया है, इतिहास से, हर चीज से परमेश्वर की बाइबल में से होते हुये और बहुत कुछ यह मसीह विरोधी है। और रोम इसका अध्यक्ष है, और पुत्री कलीसियाये अनुसरण कर रही है। और दोनो नरक में डाली गयी। यह ठीक बात है। इसलिये हम यह बाते देखते है, मसीह विरोधी, इसका आत्मा।

89 और वह दिन जिसमे हम जी रहे है, और क्यो इसे, “ना बोल सकने वाला आनन्द और महिमा से भरा,” लाना चाहिये। वह छोटी पुरानी स्त्री, जैसे ही उसे प्रभावित किया, ओह, बीज फूट पडा!

90 अब याद रखे बाइबल कहती है, कि अन्त के दिन में, यह मसीह विरोधी, “सारे संसार को धोखा दे देगा।”

91 वहाँ एक थोडे से लोग, जिनके नाम मेम्ने की जीवन की पुस्तक में संसार की सृष्टि से पहले लिखे है। और जब परमेश्वर के वचन का प्रकट किया हुआ सत्य का सच्चा प्रमाण, उस हृदय को प्रभावित करता है, वह जल में आयेगा और सामने पवित्र आत्मा के साथ जितनी जल्दी हो सकता है। और आप उसे यह करने से नही रोक सकते, क्योंकि नये जीवन ने कार्य कर दिया है।

92 अधिक समय नहीं हुआ मैं एक व्यक्ति से बात कर रहा था मुझ से विचार विमर्श का यत्न कर रहा था और कह रहा था, “क्या आपको यह कहते हुये लज्ञा नही आती कि ‘परमेश्वर ने आकाश और पृथ्वी तीन दिनों में बनाये है... या छ: दिनो में’? ”

मैने कहा, “यहीं जो बाइबल ने कहा है।”

93 बोला, “हमारे पास प्रमाण है और सिद्ध कर सकते है कि संसार करोडो वर्ष पुराना है।”

94 मैने कहा, “इसका इससे कोई लेना देना नहीं है, उत्पत्ती 1:1 में यह कहा है, ‘आदि में परमेश्वर ने स्वर्ग और पृथ्वी बनाये।’ समय काल! बस देखिये। ‘अब संसार बिना रुप के और सूनसान था।’” और मैने कहा, “मैं विश्वास करता हूँ, हर बीज ठीक वहाँ पर था किसी दूसरी सभ्यता से या कुछ और जैसे ही जल ऊपर उठा लिया गया और उजियाले ने इसे प्रभावित किया, तो पेड और हर चीज ऊपर आ गयी।”

95 और यही चीज मनुष्य जाति के साथ एक प्रतिछाया। जब सारा का सारा धुधलका छट गया और प्रगट किया हुआ सत्य कि वहाँ वास्तविक बीज पडा था, शान्त, अंकुरित हो गया और सुसमाचार का उजियाला उस वचन के सच्चे प्रमाण के द्वारा प्रभाव डाल सकता है, यह जीयेगा। इसके अन्दर जीवन है। यह विश्वास करेगा। इसके बाहर वह जीवित नहीं रह सकता; इसके अन्दर कोई जीवन नहीं है।

96 उनके नाम मेम्ने के जीवन की पुस्तक में संसार की सृष्टि से पहले लिखे गये, किसी भी चीज के समान यह आयेगा और यही कारण है यीशु वहाँ बैठा हुआ है। और अपने बिचवाई के कार्य के द्वारा प्रतीक्षा कर रहा है, जब तक कि अन्तिम बीज नही आ जाता। और वह जान जायेगा कि ठीक यह कब प्रभाव डालता है।

97 जैसा कि डॉक्टर ली वेयल... मैं समझता हूँ वह अब भी सभा में कही है, मैने उन्हे कई दिनों से नही देखा। मैं विश्वास नहीं करता कि मैने उन्हे देखा। [एक भाई कहता है, “वह यहाँ है।”—सम्पा।] वह यहाँ है ठीक है, उस दिन उन्होंने यह छोटा खर्रा मुझे भेजा उस विषय में जो इरेनियस ने कहा, मैने इरेनियस को दूर से लिया कि उस युग का दूत हो, जो वह था। परन्तु उसने कहा, “जब देह का अन्तिम सदस्य अन्दर आ जायेगा,” इस अन्तिम युग में, “होना चाहिये... वे बाते उस समय प्रकट हुयी होगी।” और यह यहाँ पर है, यह बिल्कुल सही बात है। समझे? हम उस दिन में है। ठीक है।

98 तब पेंटीकोस्टल आनन्द से आगे थे। वे वास्तव में उत्तेजित थे। मैं सोचता हूँ, यह किसी को भी करता है।

99 आईये जरा एक झण के लिये ले। आईये, दाऊद के विषय में सोचे। वह—वह भी पूरी रीति से उत्तेजित था। उसने कहा, "मेरा प्याला छलक रहा है।" मैं विश्वास करता हूँ उसके जीवन में महान घटना घटी। क्या कारण था कि उसने यह किया? जब वह आत्मा में था... क्योंकि वह एक भविष्यद्वक्ता था, हम जानते है कि वह था, बाइबल ने ऐसा कहा है। भविष्यद्वक्ता दाऊद, अब, क्योंकि वह एक भविष्यद्वक्ता था और वह आत्मा में था और उसने पुनरुत्थान देखा, यदि आप इसे पढना चाहे तो यह भजन संहिता, 16:8 से 11 में है। उसने कहा, "इसके अलावा मेरा शरीर आनन्द में था। ओह! मैं—मैं आशा में विश्राम करता हूँ क्योंकि तू मेरे प्राण को अधोलोक में ना छोडेगा; ना ही तू अपने पवित्र जन को सडने देगा।" और मैं आपको बताता, उसका प्याला छलक रहा है क्योंकि उसने देखा। कोई मतलब नहीं, यह क्या था; ओह, उसने पुनरुत्थान देखा और वह वास्तव में था... उसका प्याला छलका।

100 फिर से, दाऊद का दूसरा प्याला छलक रहा है, दूसरा शमूएल (इसके लिये आप अपनी पेन्सिल निकाल ले), दूसरा शमूएल 6:14। वहाँ सूखा समय था।

101 उन्होंने वाचा का सन्दूक लिया था। शत्रु आया और आकर प्रभु का वाचा का सन्दूक ले गया और वे उसे ले गये और दागोन के सामने रख दिया और दागोन अपने मुंह के बल गिर गया। और उसे दूसरे नगर में ले गये और मरी फैल गयी। ये था... कभी उनके हाथो में यदि कोई सबसे गर्म चीज आयी, वह यह थी। और वे उस से पीछा ना छुडा सके, क्योंकि वह अपने स्थान पर नहीं था।

102 अब, जब उन्होंने इसे बैलगाडी पर रखा और आरम्भ किया और जब दाऊद ने वाचा के सन्दूक को आते देखा, आप जानते है, उसने क्या किया? वह—वह इतना भर गया और उसका प्याला छलक रहा था; उत्तेजना! जब उसने देखा वचन फिर से इस्त्राईल में प्रकट हो रहा है, वह आत्मा में नाचा, धूम करके, धूम, धूम इस प्रकार से। जी हाँ। उसका प्याला छलक रहा था, आप देखिये। क्यों? वचन को वापस आते देखा।

103 और मैं सोचता हूँ, यह किसी को थोडा सा उत्तेजित कर देगा, जब उन्होंने देखा, इतने वर्षो बाद और तब वह सच्चा वचन प्रतिज्ञा के द्वारा जो

कि यह होगा, सामने लाया जा रहा है और प्रमाणित हुआ। क्या ही समय है! क्या ही समय है!

104 अब आईये, हम पढे। मैं—मैं बाते करता रहता हूँ, तो इस पर नहीं आऊंगा अैर यह सारा मुझे आपको साढे दस बजे तक दे दुंगा, पिछली रात्रि, मैने आपको जल्द ही बाहर होने दिया इसलिये मुझे आपको आज रात्रि लम्बे समय तक रोके रखना चाहिये। [सभा "आमीन" कहती है—सम्पा।] जी हाँ। जी हाँ। नहीं, मैं बस आपको छेड़ रहा था। समझे? मैं... हम बस वही चाहते है जैसा कि प्रभु अगुवाई करेगा, अब।

*जब उसने चौथी मोहर खोली, तो मैने चौथे प्राणी का शब्द यह कहते सुना, आ और... देख।*

105 अब, "जब मेम्ने ने चौथी मोहर खोली।" अब हम जरा वहाँ रुके। वह चौथी मोहर, अब, किसने इसे खोला? मेम्ने ने। क्या कोई और योग्य था? इसे कोई और नही कर सका। नही। मेम्ने ने चौथी मोहर खोली।

106 और वह—वह चौथा प्राणी, जानदार प्राणी उकाब के समान ने, यूहन्ना से कहा, "आ, देख छुटकारे के योजना का चौथा भेद क्या है, जो इस पुस्तक में छिपा हुआ है," क्योंकि मेम्ना इसे खोल रहा था। दूसरे शब्दो में, यही जो वह कह रहा था। "वहाँ एक चौथा भेद यहाँ मैने तुम्हे प्रतीक में दिखा दिया है। अब यूहन्ना, मैं नही जानता कि तू इसे समझ पाया है या नहीं।" परन्तु, जो उसने देखा, उसने लिख लिया, परन्तु यह एक भेद था। इसलिये, उसने वह लिखा जो उसने देखा।

107 वह मेम्ना मोहरो को तोड रहा था और परमेश्वर अब भी इसे प्रकट करने वाला नही था, यह अन्तिम दिनो के लिये छोड दिया गया था। समझे? अब हमारे पास प्रतीक थे और हमने इसकी जांच पडताल की और कभी–कभी बहुत अच्छा किया, देखिये। परन्तु हम जानते है, यह आगे बढता गया। परन्तु अब, इन अन्त के दिनो में हम पीछे मुड कर देख सकते है और देखते है यह कहाँ पर था। और जिसे हो जाना चाहिये था, और कलिसिया युग के अन्त में उठाये जाने से थोडा सा पहले।

108 कैसे कोई कलीसिया को पीढाओ में से निकलते हुये पा सकता है, मैं नही जानता। परन्तु यह पीडाओ में से निकलते हुये इसे क्या मिलेगा, जब कि इसमें नही है—इसमें पाप नहीं है? मेरा अर्थ... मेरा अर्थ कलीसिया से नहीं है; कलीसिया पीडाओ में से होकर निकलेगी, परन्तु मैं दुल्हन के

विषय में बात कर रहा हूँ। दुल्हन नहीं, इसके विरोध में पाप नहीं है, बिल्कुल नही इसे विरंजित किया गया है, और उसमें यहाँ तक की एक—एक... इसमे यहाँ तक कि गंध भी नहीं है और कुछ नहीं बचा। वे परमेश्वर के सामने सिद्ध है, तो इसे शुध्द करने के लिये कोई भी पीडा क्या है? परन्तु दूसरे के लिये करता है, कलीसिया पीडा में से होकर निकलती है, परन्तु दुल्हन नहीं।

109 अब, अब हमने सब प्रकार के प्रतीको को ले लिया है। जैसे कि कलीसिया, नूह प्रतीक में लिया गया, पाप में होते हुये निकला। देखिये, अब, वे इस पर होकर गये। परन्तु, हनोक पहले ही निकल गया, वह संतो का प्रतीक है वह पीडाओ के अवधी से पहले भीतर जायेगा।

अब हम पाते है, इस मेम्ने ने मोहर को खोला।

110 अब हम पहला पशु पाते है, यदि आप ध्यान करे, पहला पशु हम पाते है, एक था... पहला पशु एक सिंह था एक जीवित प्राणी; जो पुस्तक में पाया जाता है... कलीसिया कालो की। और फिर दूसरा पशु, मैं विश्वास करता हूँ एक बैल का मुखडा या एक बछडा। और तीसरा पशु एक मनुष्य का मुखडा। परन्तु चौथा पशु एक उकाब का मुखडा था। अब बिल्कुल ठीक प्रकार से हम इन्हे पाते है, ठीक इसी प्रकार से घूम रहे है। और ठीक इसी प्रकार से वे वहाँ पुस्तक में भी रखे गये है।

111 और तब एक महान शिक्षक के समान एक बार फलोरिडा में सिखाते हुये कह रहा था कि—कि... कि, “कामो की पुस्तक बस एक—एक कलीसिया के लिये कार्यो का ढांचा है, कलीसिसा चार सुसमाचारो में पाई जाती थी।”

112 और हम इसका उल्टा पाते है, कि यह चार सुसमाचार जो कि प्रेरितो की पुस्तक की रक्षा करते है। यह उन चार सुसमाचारो से है कि यह प्रेरितो की पुस्तक लिखी गयी है पवित्र आत्मा के कार्य चेलो में। और हम यहाँ इस पुस्तक में पाते है कि वे रक्षक वहाँ बैठे हुये देख रहे है; पूरब, उत्तर, पश्चिम और दक्षिण। याद रखे हमने कैसे इसका रेखा चित्र यहाँ बनाया है? और कितनी सुन्दर और सिद्ध हर चीज अपने स्थान पर है!

113 अब मैं चाहता हूँ कि आप ध्यान दे। कहा, “आ और देख।” यूहन्ना... अब मैं चाहता हूँ कि आप फिर से इस पर ध्यान दे, इसके पहले कि यह। अब, यह यहाँ पर सवारो में अन्तिम है, कि मसीह विरोधी के कार्यो को प्रकट करे।

कल आने वाली रात्रि में, प्राण वेदी के नीचे पर ध्यान आकर्षित करते है।

अगली रात्रि, न्याय।

114 अगली रात्रि चले जाना, युग के अन्त में, समय का अन्त सारी चींजो का, देखिये, जब वह उठा ली गयी है। इसलिये वहाँ ठीक सातवी मोहर में, कटोरे उण्डेले जाते है और सारी चीजे उण्डेली जाती है, वे क्या है, मैं नहीं जानता।

115 ध्यान दे। परन्तु अब, यहाँ इस पर, हम पाते है यहाँ यह व्यक्ति एक उकाब है, यह मनुष्य जो... या यह जीवित प्राणी जिसने यहाँ पर उण्डेला है। या, दुसरे शब्दों मे वहाँ इसके चार विभिन्न काल है। वहाँ एक सिंह का काल था। और हम पाते है यह चौथा युग होने के नाते।

116 और उसने कहा, "आ और देख, छुटकारे की पुस्तक का चौथा भेद, जो कि इस पुस्तक में छिपा हुआ था। आ, देख।" और यूहन्ना देखने को गया और एक पीला घोडा देखा। और फिर वही सवार इस पीले घोडे पर है।

117 अब, उसके पास एक नाम है जो मृत्यु कहलाया। अब ध्यान दे, कोई भी दूसरा सवार नही, कोई भी दूसरा घोडा नही या समय नही है कि यह सवार जो कभी चढा, उनके पास नही था; उस मनुष्य के पास नाम नहीं था। परन्तु अब वह मृत्यु कहलाया। इसका उल्लेख नही है। समझे? वह अब प्रकट हुआ है। वह क्या है, मृत्यु है।

118 भाई, हम इसे कैसे इस पर एक उपदेश के लिये टाल सकते है और इसे वास्तव में स्पष्ट करे! परन्तु कोई चीज जो विरोध में है, जो वास्तविक के विरोध में है, मृत्यु ही होनी है। क्योंकि केवल दो ही विषय है, जो कि जीवन और मृत्यु है। और यह ये सिद्ध करता है कि पवित्र आत्मा का प्रकाशन जो इस दिन में है, वह सही सत्य है। वह विरोधी, वह मृत्यु है, क्योंकि वचन जैसा कि हम इसे यहाँ बाद में देखेगे जीवन है। समझे?

119 और यह पुरुष मृत्यु कहलाया। अब इसका दूसरे समयो में उल्लेख नही किया गया इस सवार का। परन्तु तब से अब इसका उल्लेख किया गया, कि वह मृत्यु कहलाया।

120 परन्तु सिंह के प्रकाशन के अन्तर्गत... अब ध्यान दे। अब मैं इसे ध्यानपूर्वक पढना चाहता हूँ, इसलिये कि मैं निश्चित हो जाऊंगा; जगह

लिखा हुआ है यहाँ खडा है। सिंह के काल के प्रकाशन के अन्तर्गत नहीं था पहले काल का, आरम्भ का काल, यह प्रकाशित नहीं हुआ था। अगला काल बैल का काल था, जो कि अन्धकार का काल था, बीच का युग, जैसा यह था वैसा प्रकट नहीं हुआ था। ना ही मनुष्य समान पशु बुद्धि का, सुधारों का प्रतीनिधित्व, लूथर और वैसली और आदि–आदि यह प्रकट नहीं हुआ था। परन्तु उकाब के युग में अन्तिम काल में, भविष्यद्वक्ताई काल, जहाँ भविष्यद्वक्ता की आवाज आनी थी, देखिये, किसके पास सदा भेद आते हैं! अब वहाँ जहाँ हम बस...

121 हम इस पर थोडी देर रुकने जा रहे है, आज रात्रि, ताकि आप इसे पूरी रीति से समझ जाये। अब अधिकांश समय आप इन्हे अनुभव करेगे... मैं केवल यहॉ इसी झुण्ड के विषय में नहीं बोल रहा हूँ, ये टेप हर कहीं जायेगे, देखिये और मुझे इसे स्पष्ट कर देना चाहिये, क्योंकि कोई केवल एक ही टेप पा सकेगा, यदि वे बाकी वाले ना पा सके, वे सब असंमजस में पड जायेंगे, देखिये। परमेश्वर ने इसकी प्रतिज्ञा दी है, देखिये, इस दिन के लिये, इन सब चीजो की अन्तिम समाप्ती के लिये जो हो रही है और मिल जुल गयी है। हम...

122 हमारे पास एलिय्याह के वस्त्र है, ओह, यहाँ लोग हुये है। जो कि... जॉन अलेक्झान्डर डोवीई वहाँ गाढ दिया गया एक कपडे में लपेटकर। उसने कहा, वह एलीशा था और हमारे पास सब प्रकार की बाते है। जो भी है, यह क्या है? यह केवल एक सत्य का हटाना है, जो कि सामने लाया जाने वाला है। समझे? यीशु के समय से पहले वहां झूठे मसीही थे। समझे? वे सदा ये करते है यह शैतान है जालसाजी चला रहा है कि लोगो के विचार और विश्वास को गडबड कर दे, इसके पहले कि चीजे वास्तव में घटित हो। बस यही है।

123 क्या गेमलीयेल ने उस दिन में यही बात नही कही थी? कहा, "क्या ऐसा मनुष्य नहीं, उठा और यह होने का दावा किया? और वे चार सौ लोगो को जंगल में ले गये। और वे नष्ट हो गये, और आदि–आदि।"

124 कहा, "हर डाली जो मेरे पिता ने नही लगाई," यीशु ने कहा, "उखाड दी जायेगी।"

125 गेमलीयेल ने कहा, "उन्हे छोड दो। यदि वे यदि यह परमेश्वर से नहीं है, तो क्या वह शून्य नहीं हो जायेगा? परन्तु यदि यह परमेश्वर का है, तो

तुम परमेश्वर से लडने वाले ठहरोगे।” मनुष्य ने बुद्धि प्रयोग की। वह एक शिक्षक था।

126 अब ध्यान दे। अब इन सारे भेदो को समेटते हुये परमेश्वर ने प्रतिज्ञा दी है, कि एक सच्चा एलीशा उठ खडा होगा कोई पुरुष उस आत्मा के अभिषेक के साथ और यह प्रकट हो जायेगा। उसने मलाकी–4 में इसकी प्रतिज्ञा की है। और मेरे पास टिप्पणियाँ और चिट्ठियाँ है जो कहते है कि ऐसा नहीं है, परन्तु मैं ऐसे व्यक्ति से बात करना चाहूंगा। समझे? क्यों, आप इसका इन्कार नहीं कर सकते। कोई भी सच्चा अच्छा धर्मविज्ञानी यह जानता है कि यह सत्य है, यही जिसकी वे लोग प्रतिक्षा कर रहे है।

127 परन्तु ठीक उसी प्रकार से यह यूहन्ना के द्वारा आया, मसीह के पहले बार आने पर आगे–आगे चला। क्यों, उन्होंने उसे नहीं पहचाना क्योंकि वहाँ उसके लिये ऐसी महान बातों की भविष्यवाणी थी। क्यों, उसे वो, “सारे ऊंचे स्थानो को नीचा करना था और सारे नीचे स्थानो को ऊंचा, सारे उबड–खाबड समतल होने थे।” और, ओह, वे... भविष्यद्वक्ता; यशायाह उसके जन्म के सात सौ बारह वर्ष पहले; और मलाकी उसके दृश्य पर आने के चार सौ वर्ष पहले; सब ने उसकी भविष्यवाणी की। और वे किसी स्वर्गीय गलियारे की आशा कर रहे थे कि नीचे आयेगा, और यह भविष्यद्वक्ता अपने हाथ में छडी लेकर आयेगा, परमेश्वर के यहाँ से।

128 और क्या हुआ? एक पुरुष जो कि आप... यहाँ तक की अपनी संगति पत्र भी नही दिखा सका, वह अपने योग्यता पत्र नहीं दिखा सका। बाहर जंगल में रहा; यहाँ तक कि साधारण विद्यालय की शिक्षा भी नहीं। हमें इतिहासकारो के द्वारा बताया गया, जब वह नौ वर्ष का था जंगल में चला गया अपने पिता और माँ की मृत्यु के बाद। वह बडा हुआ... उसका कार्य बहुत ही विशिष्ठ था कि किसी धर्म विद्यालय को अव्यवस्थित करना था। उसे करना था—उसे मसीहा को प्रकट करना था।

129 परमेश्वर एक मनुष्य का प्रयोग नहीं कर सकता जो पूरा धर्म विज्ञान से भरा हुआ हो। वह यह नहीं कर सकता क्योंकि वह सदा पीछे की ओर मुडेगा। उसके सीखने की यही लीक है। वह उसी पर वापस लौटता है, इसलिये वह कुछ देखने के लिये जाता है वह वापस लौटने का यत्न करता है कि शिक्षको ने क्या कहा था। अच्छा हो, यदि आप उन चीजो से अलग रहे, और बस परमेश्वर का विश्वास करे।

130 और हमने पाया कि वे उससे चूक गये। यहाँ तक कि चेले वहाँ खडे हुये उस से चूक गये। क्यों, उन्होंने कहा, "वचन क्यो कहता है, शास्त्री कहते है कि एलिय्याह… "

131 उसने कहा, "भाई, वह आ चुका और तुमने उसे नही जाना।"

132 और यही जहाँ मैने पुनरुत्थान या उठाये लिये जाने का नमूना रखा है। यह जायेगा, और वे होगे… मैं जानता हूँ कि यह विचित्र सुन पडता है। परन्तु सम्भव है आज रात्रि के बाद आप और जानेगे, यदि प्रभु की इच्छा हुयी, बस यह कैसे होने जा रहा है, देखिये। यह बहुत ही गुप्त होगा, कठिनाई से इसके विषय में कोई कुछ जान पायेगा संसार बस सोचेगा, यह वैसे ही चलता रहेगा जैसा सदा रहा है और देखिये और बस… इसी प्रकार से वह सदा इसे करता है।

133 आप जानते है, मुझे सन्देह है कि कही एक—एक… मैं कहता हूँ नब्बे में से एक प्रतिशत लोग इस पृथ्वी पर कभी जान पाये कि यीशु मसीह यहाँ है, जब वह यहाँ पर था। आप जानते है, जब एलिय्याह ने भविष्यवाणी की, मुझे सन्देह है यहाँ मुश्किल से कोई होगा जो जानता था कि वह यहाँ पर था… वे जानते थे कि वहाँ काई सनकी था कोई पुराना धर्मान्ध, परन्तु उन्होंने उससे घृणा की। निश्चय ही। उन्होंने उसे विचित्र कहा, यही जो वह था।

134 और मैं सोचता हूँ कोई भी नया जन्म पाया हुआ मसीह एक प्रकार से इस संसार के लिये विचित्र होता है, क्योंकि आप बदल गये है। आप दूसरे संसार से है आपकी आत्मा गहरी खाई के उस पार से है। और यह चीज यहाँ एक ऐसा गडबड है… तब आप कोई अन्तर नहीं, वहाँ कुछ गलत है आप—आप अब भी पृथ्वी से जुडे हुये है। आपको स्वर्गीय विचारो का होना चाहिये। और स्वर्ग, वचन के द्वारा जीवित है।

135 अब, हम ध्यान देते है कि यह—यह महान चीज घटित हो गयी, अब हम विश्वास करते है ऐलिय्याह का सच्चा आत्मा आ रहा है। यह भविष्यवाणी है कि यह होगा, देखिये। और हमें याद रखना चाहिये, ये यहाँ पर होगा अपने ही ऋतु और समय में। सम्भव है, हम इसकी अब नेव रख रहे है। और यह संस्था नहीं होगी।

136 मैं अपने अच्छे मित्र से इस बात पर असहमत हूँ। वह कहता है यह लोगो का एक झुण्ड होगा। मैं चाहता हूँ कि आप मुझे पवित्र वचन से दिखाये।

परमेश्वर, ना बदलने वाला परमेश्वर, वह अपनी योजना कभी नहीं बदलता, यदि वह करता है तो वह परमेश्वर नहीं है; यह ठीक बात है, क्योंकि वह एक मरणहार और वह मेरे ही तरह जानता है, और वह गलतियां करता है।

137 परमेश्वर कभी अपनी योजना नही बदलता, जब से अदन वाटिका हुयी तब से उसने छुटकारे के लिये योजना बनाई; और वह लहू था। और हमने शिक्षा से यत्न किया। हमने तानाशाही से यत्न किया। हमने मनोविज्ञान से कोशिश की, हमने नामधारीवाद से यत्न किया हमने हर चीज से कोशिश की, कि सब को एक साथ ले आये या प्रेम में हर कोई एकत्र हो जाये। कोई और दूसरा स्थान संगति का नही सिवाये लहू के नीचे, अब भी, एक ही आधार कि परमेश्वर मनुष्य से मिले।

138 परमेश्वर सदा एक व्यक्ति के साथ व्यवहार करता है। दो मनुष्यों के पास दो विचार होते है। पृथ्वी पर कभी दो मनुष्यों के पास दो विचार होते है, पृथ्वी पर कभी दो मुख्य भविष्यद्वक्ता नही हुये थे, कि एक समय में भविष्यवाणी कर रहे हो। पीछे देखे यदि ये थे। नहीं, श्रीमान। बहुत ही धर्म संकोच! उसे तो एक ही मनुष्य पूरी रीति से समर्पित चाहिये और उस व्यक्ति का उपयोग करे। वह उस व्यक्ति को खोजता है।

139 परन्तु वहाँ पर एक होगा, कभी–कभी कोई जो उसकी सुनता है वचन दर वचन। मैं चिन्ता नही करता कोई क्या कहता है वे इस से कभी नही हटेंगे। यह ठीक बात है। वे यहोवा यों कहता है कि प्रतीक्षा करेगे। और फिर, वे तब तक नहीं हिलेंगे। वह सही प्रकार से प्रमाणित होगा। आप...

140 अब, बाहरी संसार, इस से घृणा करेगा, परन्तु चुना हुआ बीज, पहले से ठहराया हुआ बीज, जैसा कि यीशु के दिनो में जब उजियाला चमका वह बीज *इस* प्रकार जीवन में आ गया। [भाई ब्रन्हम एक बार चुटकी बजाते है।—सम्पा।] वे ये जानेगें। वे इसे समझेगे। आपको इस विषय में एक शब्द भी नहीं कहना है।

141 उसने कहा, "श्रीमान मुझे प्रतीत होता है, तू भविष्यद्वक्ता है। मैं जानती हूँ जब मसीहा आता है, उसे चाहिये... "

उसने कहा, "मैं वही हूँ।"

142 लडके, ये, ये इतना ही बहुत था। उसे पूरी रात्रि प्रतीक्षा नहीं करनी थी और अगली रात्रि रुके, उसके पास ठीक उसी समय था, वह अपने मार्ग पर थी। वह उनको इस विषय में बता रही थी।

143 अब याद रखे अब पहले युग में एक सिंह का युग था वह यूहदा के गोत्र का सिंह था, मसीह, उसके अपने जीवन का प्रभाव, उस युग को लिया। यह पहला *पशु* है जिसका अर्थ "शक्ति," है इसका उत्तर मनुष्य की वाणी के द्वारा दिया गया।

144 अगला युग बैल का युग था या काले घुडसवार का युग। समझे?

145 अब कारण कि यह पहला युग एक सफेद युग था ये था... जैसा कि मैने लोगों को सदा कहते सुना है कि पहला सवार सफेद, कलीसिया कि सामर्थ की, जीतने के लिये आगे बढा। और हमने पाया कि उसे एक मुकुट दिया गया, ये, ये यही था, ये कलीसिया थी, यह कलीसिया थी परन्तु वह कहाँ चली गयी? रोम में चली गयी। यही जहाँ उसने किया, उसने अपना ताज लिया।

146 अब दूसरा युग एक था—एक लाल घुडसवार था, जो कि अंधकार का युग था।

147 और अब—अब, अगला युग मनुष्य था, उस युग का, जो कि काला घुड सवार था। और वह सुधारको को युग था देखिये जब वह—वह आवाज बोली। अब वह काला घुडसवार जो कि मसीह विरोधी था। परन्तु वह जो उस युग में बोल रहा था जैसे एक मनुष्य के द्वारा दर्शाया गया और यह बुद्धिमान तेज चलाक है। समझे? और वे इसे नही समझ सके, देखिये। उन्होंने नही पुकारा... उन्होंने उसका नाम नहीं रखा। समझे? उन्होंने बस यह कहा, चले गये।

148 परन्तु जब उकाब का युग आता है, यही है जो... परमेश्वर सदा अपने भविष्यद्वक्ताओ को उकाब के समान पसन्द करता है। वह स्वयं को भी उकाब कहता है, उकाब इतना ऊंचा जाता है, कि वहाँ उसे कोई भी छू नही सकता और केवल वह वहाँ ही नही, परन्तु वह उस स्थिति के लिये बना है। जब वह वहाँ पहुँचता है वह देख सकता है कि वह कहाँ है। कुछ लोग वहाँ पहुँच जाते है और देख नहीं सकते कि वे कहाँ है, इसलिये इस से कोई लाभ नहीं कि वहाँ पहुँच गये। परन्तु यदि आप...

149 परन्तु आप कौवे को उकाब या बाज के साथ उडने का यत्न करने दे किसी के भी साथ, वह चिथडे हो जायेगा। वह जहाँ जाता है वहाँ के लिये दाब युक्त होना चाहिये।

150 आज यही परेशानी है, हम से कुछ दाब युक्त नहीं है। हम जल्द ही फट जाते है, आप देखिये, जब हम कूद रहे होते है और परन्तु हमे दाब युक्त होना चाहिये।

151 जब आप वहाँ पहुँचते है और हमारे पास उकाब की तीखी दृष्टि होती हे, कि देखे कि क्या आ रहा है और जानते है कि क्या करना है। अब उकाब के युग ने यह प्रकट किया है। अब हम पाते है कि उकाब का युग की प्रकाशितवाक्य 10:7 में प्रतिज्ञा की गयी है और मलाकी... 1, 4 जो कि अन्त के दिनो में होगा, देखिये, यह ठीक बात है कि वह यहाँ पर होगा। ठीक है ध्यान दे। ठीक है, ध्यान दे।

152 अब, यह व्यक्ति हम पाते है, यह पीले घोडे पर सवार है। पीला! ओह, प्रभु! बाद, बाद में ध्यान दे...

153 "छ: करोड अस्सी लाख प्रोटेस्टेन्ट," जैसा कि हमने यह शुमकर के *ग्लोरियस रिफोर्म* से लिया है, बीती रात्रि रोम के शहीद नामे से। हम यह पंद्रह सौ अंक तक पाते है, मैं विश्वास करता हूँ यह था, या अट्ठारह... मुझे अब ठीक से याद नहीं। परन्तु यह छ: करोड अस्सी लाख घात किये गये, पहली रोमन कलीसिया के विरोध करने में, रोम। कोई आश्चर्य नहीं, वह मानवीकरण के नाम पर स्वयं ढोंग कर सकता था... और मृत्यु कहलाया। निश्चय ही वह था।

154 अब, केवल परमेश्वर ही जानता है कितनो के लिये वह आत्मिक मृत्यु का कारण हुआ, अपने बाइबल विरोध के द्वारा– वचन शिक्षा! यह एक है उसने छ: करोड अस्सी लाख तलवार को चढा दिये और उन्हे मार डाला। और सम्भवत: व्यवहारिक रुप में अरबो आत्मिक रुप से उसकी झूठी शिक्षा से मर गये। कोई आश्चर्य नहीं वह मृत्यु का नाम ले सकता था!

155 घुडसवार को देखिये? पहले स्थान पर मसीह विरोधी के समान, वह आरम्भ से ही मृत्यु था, परन्तु तब वह अहानीकारक था। तब उसने एक मुकुट पाया एक तीन वाला और जब उसने किया तब वह संयुक्त हो गया, शैतान ने अपनी कलीसिया और राज्य को मिला दिया, क्योंकि वह उन दोनो पर अधिकारी था। मसीह विरोधी शैतान था, एक मनुष्य के रुप में।

156 और तब संत मत्ती भी, मैं विश्वास करता हूँ यह चौथा अध्याय है जो हमें यह बताता है, शैतान ने यीशु को लिया, हमारे प्रभु को, ऊंचे पर ले गया और उसे संसार के राज्य दिखाये, वे सारे के सारे एक ही क्षण में

और उनकी वैभवता और उन्हे उसके सामने रखा। और उसने कहा... वे, वे उसके थे।

157 इसलिये, आप देखिये, तब यदि वह अपने राज्य और कलीसिया को एक साथ मिला सकता है, तब लाल–घुडसवार सवारी कर सका, पूरी रीति से निश्चित। समझे? सच में! अब, तब हम उसका भेद यहाँ पर पाते है उसकी कलीसिया में और राज्य।

158 उसकी सेवकाई की चौथी स्थिति, वह पशु कहलाया, पहले वह मसीह विरोधी कहलाया, देखिये, तब वह झूठा भविष्यद्वक्ता कहलाया; और वह पशु कहलाया, अब हम यहाँ पर पाते है पशु कहला रहा है। अब, मैं चाहता हूँ कि आप ध्यान दे, यह चौथे घोडे के बाद है।

159 अब इस चौथे घोडे में, यदि आप ध्यान देगे, सब... पहला वाला सफेद था: और फिर अगला वाला लाल था; और अगला वाला काला था; और चौथा वाला, ये सारे दूसरे तीन का इसके अन्दर प्रतिनिधित्व था; क्योंकि, पीला, लाल और—और सफेद और इस प्रकार से एक साथ मिले–जुले है। समझे? वह... ये—ये सारे इस वाले घोडे में मिल जुल गये। समझे? और फिर वह चौथा हो गया, या वास्तव में तीन एक के अन्दर और यह सब, इस एक चीज में मिल जुल गया था।

160 अब मैं चाहता हूँ कि आप ध्यान दे, वे चारो, ध्यान दे चारो का अलग से निशान, आत्मिक गणित का, परमेश्वर तीन का, यह चार है। यह चार में हैं यहाँ। पहला, मसीह विरोधी, सफेद, दूसरा, झूठा भविष्यद्वक्ता, लाल, तीसरा, स्वर्ग और पृथ्वी का प्रतिनिधी और—और अग्नी शोधक काला; चौथा, वह पशु पीला घोडा, शैतान स्वर्ग से लात मार कर निकाला गया। आप इसे पढना चाहते है? प्रकाशितवाक्य 12:13, शैतान को स्वर्ग से लात मार कर बाहर निकाला गया। फिर प्रकाशितवाक्य 13:1,8 वह पशु व्यक्ति में अवतरित हुआ।

161 वह पहले मसीह विरोधी है, बस—बस एक शिक्षा निकोलेटन कहलाई तब वह उससे बदल कर झूठे भविष्यद्वक्ता में हो गया। यदि वह एक मसीह विरोधी है, मसीह विरोधी, *विरोध में*। कोई भी चीज परमेश्वर के वचन के विरोध में परमेश्वर के विरोध में, क्योंकि वचन परमेश्वर है। "आदि में वचन था और वचन परमेश्वर के साथ था और वचन देहधारी हुआ मसीह और हमारे बीच वास किया।" और अब वह वचन के विरोध में है, इसलिये

वह मसीह विरोधी है। परन्तु एक आत्मा को मुकुट नहीं पहना सकते; यही कारण है कि उसने ताज प्राप्त नही किया। बस एक धनुष्य, बिना तीरों के।

162 और तब जब वह आता है मुकुट पहनाने का समय, तब वह झूठा भविष्यद्वक्ता हो जाता है अपनी मसीह विरोधी शिक्षा से। इसे समझे? तब वह तलवार लेता है क्योंकि उसने अपनी सामर्थ एक साथ मिला ली है तो फिर उसे अब किसी से नहीं पूछना, वह राज्य का शासक है वह स्वर्ग का शासक है एक त्रिएक मुकुट पाता है। अपने में ही एक विचार बनाया जिसे "अग्नी शोधक" कहा। कहाँ यदि—यदि कोई पहले मर गया है और उनके पास कुछ पैसा है उन्हे भुगतान करना चाहते है, तो इसमें से उनके लिये प्रार्थना करेगा, क्योंकि उसके पास ऐसा करने कि सामर्थ है, वह एक *प्रतिनिधि* है। निश्चय ही, वह है, "वह परमेश्वर का स्थान लेता है, इस पृथ्वी पर।" यदि यह किसी भी चीज के समान स्पष्ट नहीं है!

163 हम इसे पाते है, इसे नीचे कि ओर ले जाये बाइबल में होते हुये और इसके सख्यात्मक अंको को गिने और सारी चीजे। वह यहाँ पर है... ? ... ठीक यह पीछे चार अंक में, तीन अंक में नहीं, चार अंक देखिये।

164 अब आईये प्रकाशितवाक्य 12 निकाले, आईये इसे थोडा सा पढे क्योंकि हमारे—हमारे पास इसे करने के लिये समय होगा। और हम प्रकाशितवाक्य 12 पढे और 13 वां पद। "और उसी घडी में वहाँ एक महान भूकम्प है... " नहीं, मैंने निकाला, मैने गलत जगह निकाला। 13 वां:

> *जब अजगर ने देखा कि मैं पृथ्वी पर गिरा दिया गया हूँ, तो उस स्त्री को जो बेटा जनी थी, सताया।*

165 अब, आप देखते है, वह पृथ्वी पर से निकाला गया और और मसीह विरोधी आत्मा के समान अवतरित हो गया, मनुष्य में अवतरित हो गया। वह मनुष्य एक से दूसरी चीज में बदलता है, मसीह विरोधी आत्मा से झूठे भविष्यद्वक्ता में और तब पशु उसके पास आता है।

166 ठीक वैसे हो जैसे कलीसिया बढती है; उसकी कलीसिया मसीह विरोधी से झूठे भविष्यद्वक्ता में चली गयी और उस आने वाले महान युग में, वह पशु जिसे उठना है। इसलिये, कलीसिया भी उसी मार्ग से आती है, न्यायोचित होने के द्वारा, पवित्रीकरण और पवित्र आत्मा के बपतिस्मे से यह मसीह लोगो में होते हुये ठीक वैसे ही। और उसके पास इसका ठीक प्रतिरुप वहाँ

है... देखिये बल्की इसका प्रकार। वहाँ वह है ठीक वैसा ही। यह वही है। उसे स्वर्ग से लात मार कर निकाला गया।

167 अब हम प्रकाशितवाक्य 13:1 से 8 में पाते है।

> *और मैं समुद्र की रेत पर खडा हुआ और एक पशु को उठते देखा...*

168 अब यहाँ 12 है जहाँ वह लात मार कर निकाला गया था। अब ध्यान दे।

> *... समुद्र में से एक पशु को निकलते देखा जिसके सात सिर और दस सींग थे और उसके सीगो पर दस राज मुकुट, और उसके सिरो पर परमेश्वर के निंदा के नाम लिखे हुये थे।*
>
> *और जो पशु मैने देखा वह चीते के समान था और उसके पाँव...*

169 ओह, यदि अब हमारे पास समय होता, हम बाकी रात्रि भी इन प्रतीको पर लेते और दिखाते और फिर से उसी पर सीधा ले कर आते। जो भी, आप में से अधिकांश यह जानते है दूसरे पाठो से।

> *... और उसके पांव भालू के से थे और उसका मुंह... मुंह सिंह का सा था; उस अजगर ने अपनी सामर्थ... और अपना सिंहासन और बडा अधिकार उसे दे दिया।*

170 ओह! अवतरित शैतान! समझे?

> *मैने उसके सिरों में से एक पर ऐसा भारी... घाव लगा देखा; मानो वह मरने पर है...*

171 और जैसा कि हम नीचे कि ओर चलते है, यदि आप चाहते है जब आपको अवसर मिले नीचे पढना। नहीं, आईये—आईये थोडा सा पढे।

> *मैने उसके सिरों में से एक पर ऐसा भारी घाव लगा... देखा मानो वह मरने पर है; फिर उसका प्राण घातक घाव अच्छा हो गया: और सारी पृथ्वी के लोग उस पशु के पीछे–पीछे अचम्भा करते हुये चले।*

172 आप जरा ध्यान दे! आप साम्यवाद पर कभी ध्यान ना दे। ये एक औजार छोड और कुछ नहीं है, जो परमेश्वर के हाथो में है, किसी दिन आपकी सहायता के लिये “लहू का बदला ले,” जैसा कि हम आने वाली रात्रि में लेंगे। समझे?

> *और लोगो ने अजगर की पूजा की...*

173 अजगर कौन था? शैतान यह ठीक बात है? “वह लाल अजगर।” ठीक है।

> *... उसने पशु को अपना अधिकार दे दिया था* (उसे सामर्थ कहाँ से मिली)*:और यह कह कर पशु की पूजा की, इस पशु के सामन कौन है? कौन इस से लड सकता है?*
>
> *बडे बोल बोलने और निन्दा करने के लिये उसे एक मुंह दिया गया; और उसे बयालीस महीने तक काम करने का अधिकार दिया गया।*
>
> *उसने परमेश्वर की निन्दा करने के लिये अपना मुंह खोला,* (आप वही पर है, देखिये। ठीक है)... *कि उसके नाम* (उसे उपनाम दिया)... *उसका तम्बू* (जो कि पवित्रात्मा के रहने का स्थान है)...

174 रोम में इसे एक स्थान बनाये, एक वेटीकन नगर। आप आगे बढते रह सकते है:

> *... और वे जो स्वर्ग में रहते है।*

175 उनकी निन्दा की यह कहने के द्वारा कि बिचवाई करने वाले थे।

> *और उसे यह भी अधिकार दिया गया कि पवित्र लोगो से लडे* (और वह लडा) *और उन पर जय पाये* (वह हुआ):...

176 उन्हे अग्नीदण्ड दिया! उन्हें सिंहो को खिला दिया! और उन्हे किसी भी प्रकार से मार डाला जैसा वह मार सका!

> *... और उसे हर एक कुल और लोग और भाषा और जाति पर... अधिकार दिया गया।*

177 और इस प्रकार से रोम में कभी नहीं हुआ जब तक की पागान रोम पापल रोम में नहीं बदल गया और कैथोलिक की सामर्थ संसार में फैल गयी और विश्वव्यपी कैथोलिक कलीसिया बन गयी।

> *पृथ्वी के सब रहने वाले जिनके नाम उस मेम्ने कि पुस्तक में लिखे नही गये उस पशु की पूजा करेगे...*

178 “मेरे तेल और दाखरस को नही छूना!” समझे?

*पृथ्वी के वे सब रहने वाले, जिनके नाम उस मेम्ने के जीवन की पुस्तक में लिखे नही गये, जो जगत की उत्पत्ती के समय से घात हुआ है, उस पशु की पूजा करेगे।*

*जिसके कान हो, वह सुने।*

*जिसको कैद में पडना है, वह कैद में पडेगा। जो तलवार से मारेगा, अवश्य है कि वह तलवार से मारा जायेगा, पवित्र लोगो का धीरज... और विश्वास इसी में है।*

179 अब हमारे पास वह आ रहा है, गत रात्रि अपनी बडी तलवार के साथ, मारने के लिये।

180 हम पाते है वह तलवार से भी घात करता है, वचन की तलवार से। परमेश्वर का वचन, तेज दोधारी तलवार उसे घात करता उसे नीचे गिरा देता है। उन सात गर्जनो के शब्द देने तक प्रतीक्षा करे, उस झुण्ड की जो वास्तव में परमेश्वर का वचन ले सकते है और वहाँ दे सकते है, यह छाटेगा और काटेगा। और वे आकाश को बन्द कर सकते है। वे *इसे* कर सकते या *वह* करते है, वे जो भी चाहते है। महिमा हो! वह वचन के द्वारा घात किया जायेगा, जो उसके मुख से निकलता है दोधारी तलवार से अधिक तेज है। वे लाखो करोडो टन मक्खियाँ बुला सकते है, यदि वे चाहे तो। आमीन। वे जो भी कहते है, घटित होने जा रहा है, क्योंकि यह परमेश्वर का वचन है, जो परमेश्वर मुंह से आ रहा है। जी हाँ। आमीन। परमेश्वर सदा यह उसका वचन है, परन्तु वह सदा मनुष्य का उपयोग करता है कि इसे करे।

181 परमेश्वर उन मक्खियों को बुला सकता था वहाँ मिस्त्र में, परन्तु उसने कहा, "मूसा यह तेरा कार्य है। बस मैं तुझे बताऊंगा कि क्या करना है, और तुझे यह करना है।" उसने यह पूरी रीति से किया। समझे? वह उन्हे बुलाने के लिये सूरज को चुन सकता था, उन्हे बुलाने में चाँद कारण हो सकता था या वायू इसे बुलाने को। परन्तु, उसने—उसने कहा, "मूसा।" जो—जो... उसने अपना मनुष्य चुना। ठीक है।

182 अब हम यहाँ पाते है कि यह शैतान, जब इसे स्वर्ग से लात मार कर निकाल दिया, उसके बाद स्वयं को पशु में अवतरित कर लिया। अब वह एक पशु है; मसीह विरोधी झूठा भविष्यद्वक्ता और अब पशु। और मृत्यु नाम दिया गया! और नरक उसके पीछे है! अपने सिंहासन पर पूरी रीति से

शैतान! ओह, प्रभु! पृथ्वी पर, वह शैतान है प्रतिनिधी पृथ्वी पर कि वह अब वह संसार के राज्य का प्रधान है, वही राज्य जो उसने प्रभु यीशु को प्रस्तुत किये। मत्ती चार, अब शैतान पूरा राजा हो गया।

183 अब यह बाद में हुआ। अब वह झूठा भविष्यद्वक्ता है। कुछ समय बाद वह पशु हो जायेगा, जब वह अपनी वाचा तोडेगा, वहाँ यहूदियो के साथ आप जानते है कि हम कैसे... ठीक है, अब ध्यान दे, उसे उस समय पशु का हृदय दिया जायेगा और शैतान स्वयं को अवतरित कर लेगा। क्योंकि जब कलीसिया ऊपर चली जाती है, शैतान निकाला जाता है। समझे? समझे? तब यह हो गया, उसके सारे दोषारोपण समाप्त हो गये। समझे? अब जब तक...

184 देखिये, जब तक बिचवाई करनेवाला सिंहासन पर है, शैतान वहाँ खडे होकर दोष लगा सकता है, क्योंकि दूसरी ओर वहाँ वकील है, वह मसीह का शत्रु है। और मसीह... वह वहाँ खडा है, वह—वह—वह शत्रु वहाँ खडा है कह रहा है, "परन्तु प्रतीक्षा कर! आदम गिरा! आदम ने *यह* किया! मैने उसे जीत लिया, मैने उसकी पत्नी को झूठ का विश्वास करने के लिये पकड लिया। और तू ने कहा, वह इसके द्वारा नष्ट हो गयी। मैने इसे ले लिया!"

185 परन्तु बिचवाई करनेवाला वहाँ खडा है, आमीन, छुडानेवाला निकट कुटम्बी, आमीन, लहू के साथ वहाँ खडा है वह दुष्ट पापी के हृदय को लेकर और बदल देता है। बिचवाई करनेवाला सिंहासन पर है। जी हाँ श्रीमान।

शैतान ने कहा, "परन्तु वे लोग दोषी है!"

वह कह सकता है, "वे नही है।"

186 वह ब्लीच (निरंजक) खोजा या बनाया गया कि दाग को ले ले, स्याही में से रंग ले ले या कोई भी दाग उनके पास है। वह इसे तोड देगा जब तक, जब तक की आप इसे फिर से कभी ढूढ नहीं पायेगे। वापस गैसो में चला जाता है। और वापस उन्ही कोस्मिक किरणो में, पीछे अणुओ और सारी चीजे जब तक यह वापस मूल में लौटता है जहाँ से यह आया था, यह एक सृष्टि है... एक सृष्टि एक सृष्टिकर्ता से आती है। और वे सारे रयायन जो बनाये गये थे और मिलाये गये, वे टूट गये, और यह सब वहाँ इसके साथ है अब यह और नहीं है। यहाँ तक की जल का तत्व यह है, ब्लीच में मिल जाता है, जो की राख है।

187 आमीन! परमेश्वर की महिमा हो, यह सब कुछ शुध्द है। यही जो यीशु मसीह का लहू परमेश्वर के सच्चे बालक के साथ करता है, जब वह उस पाप को मान लेता है और वहाँ टिका रहता है उसके उसमें न्यायोचित... अनुग्रह! अच्छाई! यहाँ तक कि यह इतना महान है, जब परमेश्वर ने कहा, “मैं इसे यहाँ तक की बिल्कुल और याद भी नही कर सकता, और वह पूरी रीति से मेरा पुत्र है।”

188 “सच में, मैं तुम से कहता हूँ, यदि तुम इस पहाड से कहो, ‘हट जा,’ और अपने हृदय में संदेह ना करो, परन्तु विश्वास करो कि जो तुमने कहा है, तुम... हो जायेगा। तुम पा सकते हो जो तुमने कहा हो जायेगा।” तुम छुडाये हुये पुत्र हो। आमीन! मै जानता हूँ कि सह सत्य है।

189 मैने वहाँ गिलहरियो को प्रकट होते देखा है, छ: अलग–अलग समयो में, जो कि मैं नहीं जानता था कि एक यहाँ पर बैठेगी। जैसे कि वह गिलहरियो की सृष्टि उसी प्रकार कर कर सकता है, जैसे मखियाँ या मेढक या कोई भी चीज की सृष्टि की, वह, वह परमेश्वर है, सृष्टिकर्ता। ठीक है! और जब मरणहार नहीं...

190 परन्तु जब वह पाप उस मरणहार का स्वीकार कर लिया जाता है और ब्लीच या निरंजक में डाल दिया जाता है, यीशु मसीह का वह ब्लीच, यह सारे पाप को साफ कर देता है। वह शुध्दता बिना मिलावट किया, बिना पाप, बिना गलती के है। “वह जो परमेश्वर से जन्मा है पाप नहीं करता, क्योंकि पाप नही कर सकता।” वह ब्लीच उसके और परमेश्वर के बीच खडा है। कैसे वह कभी वहाँ पहुँच सकता है, जब यह टूटता है और इसे सीधा वही वापस उसके पास भेज देता है जिसने इसे दूषित किया! आमीन!

191 व्हुई! मैं धार्मिक अनुभव कर रहा हूँ, मैं—मैं आपको बताता हूँ, मुझे उत्तेजनाये हुयी, अब जैसे कि यह प्रकट होना आरम्भ हुआ।

192 ध्यान दे, शैतान पूरी रीति से अपने सिंहासन पर है। जी हाँ, श्रीमान। इसे परमेश्वर को प्रस्तुत किया, इसे हमारे प्रभु को प्रस्तुत किया यहाँ वह है, यहॉ बैठा है, अपने में पशु वाले हृदय के साथ। अब व्यक्ति यहाँ है, वह पशु अवतरित शैतान, वह यहाँ पृथ्वी पर अपने को प्रकट करता है, उस झूठे दावे में। ओह, मेरे प्रभु! सच्चे वचन के झूठे दावे में, वह स्वयं को वचन के साथ जोडता है।

193 उसने ठीक वही चीज की जो कि उसके—उसके प्रतीक ने की जो कि यहूदा था, दो हजार वर्षो पहले। उसने क्या किया? यहूदा एक विश्वासी के समान अन्दर आया, आरम्भ से शैतान होने के नाते। “वह एक विनाश का पुत्र जन्मा।” उसने उस पर कोई भार ना डाला, क्योंकि वह उसे आरम्भ से ही जानता था; आमीन, क्योंकि वह वचन था। ठीक है। और स्मरण रखे, यहूदा ने एक खजांची का स्थान लिया, और पैसो के द्वारा गिरा।

194 इसी प्रकार से आज की कलीसिया! कैथोलिक कलीसिया जैसा कि हमने बीती रात्रि ध्यान दिया, नोविनो के लिये भुगतान लेना, प्रार्थनाओ के लिये वसूली और हर चीज के लिये वसूली। यह लगभग वैसा ही है और कैथोलिक कलीसिया की पुत्रियां उसी चीज के लिये गिरी, प्रोटेस्टेन्ट लोग। सारी चीज पैसो में लिपटी हुई है। यही जहाँ यहूदा गिरा, और यही जहाँ वह गिरा, और यही जहाँ प्रोटेस्टन्ट गिरे।

195 ध्यान दे, एक पीले घोडे पर चढता है, जैसा कि अपनी सवारी में प्रकट होता है, इस अन्तिम सवारी में, वह अब अपने अन्त में है। अब यह हमारे दिन में नही है। यह वहाँ बाद में होगा। यह मोहर है पहले से बताई गयी। क्योंकि, देखिये, जब यह घटित हुआ कलीसिया जा चुकी है। जब मसीह प्रकट होता है, यहा इस पृथ्वी पर, जैसे—जैसे—जैसे... यह व्यक्ति प्रकट होता है और पूरी रीति से, पूरी रीति से शैतान; मसीह विरोधी से और आगे बढते हुये झूठे भविष्यद्वक्ता से होते हुये, तब पशु में, स्वयं शैतान। और वह पीले घोडे पर सवार है, सारे में रंगा हुआ, और सब प्रकार के रंगो में मिला–जूला कि उसे पीला कर दे, और मृत्युमय है।

196 जब हमारा प्रभु यहाँ पृथ्वी पर प्रकट हुआ, वह हिम श्वेत घोडे पर सवार हो रहा होगा। और वह पूरी रीति से, पूरा वह इम्मेनवेल, परमेश्वर का वचन एक मनुष्य में अवतरित। समझे? यह यहाँ उसमें कितनी भिन्नता है। उनमे यह अन्तर है।

197 ध्यान दे, मसीह विरोधी पीले घोडे पर है, मिले जुले रंग। एक घोडा एक पशु है, जो सामर्थ का प्रतिनिधित्व करता है। उसकी सारी सामर्थ मिली जुली है। क्यों? यह राजनीति है, ये यह राष्ट्र सामर्थ, यह धर्म की सामर्थ; यह शैतानी सामर्थ। यह सब प्रकार की सामर्थ आपस में मिली हुयी, एक मिला–जुला पीला घोडा। उसके पास सब प्रकार की सामर्थ है।

198 परन्तु जब यीशु आता है, यह एक ठोस रंग के घोडे पर है, वचन। आमीन!

199 यह वाला अपने रंग मिलाता है, लाल, सफेद, काला; तीन रंग एक में, एक में प्रस्तुत करना। और तीन सामर्थ एक में प्रस्तुत की; सफेद घोडा, वह काला घोडा, लाल घोडा। और तीन मुकुट एक में। समझे? निश्चय ही।

200 मैने मुकुट को स्वयं देखा है; ओह, खडा हुआ, *इतने* समीप और उसे देखा, कांच के कारण जो उस पर था पास नही जा पाया। इस प्रकार यह वहाँ पर था, उस पर एक बडा ताला लगा था, वहाँ बक्से में रखा था: त्रिमुकुट। इसलिये मैं जानता हूँ कि यह सत्य है, ओह। इसलिये वह वहाँ था त्रिमुकुट, बदले में: स्वर्ग, शोधक अग्नी, और पृथ्वी।

201 तीन शक्तियाँ एक साथ मिले हुयी, देखिये सब एक रंग में मिली हुयी, पीला, सारे मामले में मृत्यु बोली; राजनीति और—और धार्मिकता, और—और शैतानी शक्तियाँ एक साथ मिली हुयी। राजनीति, वह राजनीति का राजा है, शैतान है, तेज! ओह! निश्चय ही, उसे मात देने की कोशिश ना करे। बस—बस प्रभु पर भरोसा रखे। बस।

202 जैसा कि मैं पहले ही इसमे होकर निकला हूँ। सारे चतुर, शिक्षाये और इस प्रकार की चीजे, गलत दिशा से आती है। पवित्र वचन में होते हुये अनुकरण करे, देखे कि यदि यह सही है, कैन के बालको को देखे और देखे कि वे क्या हुये। तब शेत के बालको पर ध्यान करे, देखिये वे क्या थे। नहीं, ऐसा नही कि मै अज्ञानता का पक्ष ले रहा हूँ, बिल्कुल नहीं। नहीं श्रीमान। परन्तु आप किन्ही व्यक्तियो को ले।

203 मुश्किल से बाइबल के, बहुत कम... और एक पौलूस नाम का, वह तेज मनुष्य था, और उसने कहा उसे, हर चीज जो जानता था भूल जाना पडा ताकी मसीह को जान पाये। उसने कहा, "मैं कभी भी तुम्हारे पास लुभावने वाले वचनो के साथ नही आया जो मनुष्यो की बुद्धि के थे, परन्तु मै तुम्हारे पास मसीह की पुनरुत्थान की सामर्थ में आया।" यह ठीक बात है, पवित्र आत्मा की सामर्थ!

204 दूसरो को देखो। उनमे से कुछ यह भी नही जानते थे कि सीधे से उल्टा हाथ क्या है। और—और, ओह, भविष्यद्वक्ताओ के युग में से होते हुये देखे और वे लोग कहा से आये और आदि–आदि। देखिये, मेरा क्या अर्थ है?

205 देखिये, यह तेज, चतुर और बुद्धि। बुद्धि ठीक वह चीज है जो आपको परमेश्वर से अलग ले जाती है।

206 उसके पास तीन शक्तियाँ थी, या तीन—तीन अधिकार क्षेत्र: पृथ्वी, स्वर्ग और अग्नी शोधक।

207 वह स्वयं में एक त्रिएक है। यही जिससे वह बना है और वह तीन में सवारी करता है। उसकी सामर्थ त्रीएकता में है। उसका मुकुट एक त्रिएक, उसका घोडा त्रिएक में। यही जो वह है, एक त्रिएक; त्रिएक में उसकी शक्ति, त्रिएक का मुकुट, एक घोडा (सवार) त्रिएक का; यही जो कार्य क्षेत्रो का, फिर से एक चार, देखिये, फिर से चार। ठीक है।

208 उसकी सेवकाई की तीन स्थितियाँ, उसे एक व्यक्ति बनाती है, शैतान अवतरित, तीन स्थितियाँ... मसीह विरोधी की झूठा भविष्यद्वक्ता और पशु। वे तीन प्रतीक, देखिये। अब वहाँ पर तीन प्रतीक है अब वे उसे बनाते है।

209 परमेश्वर, परमेश्वर अपने आप को भी प्रकट करता है, जल में, लहू, आत्मा; एक मसीही को परमेश्वर का पुत्र बनाता है, परमेश्वर के वचन के द्वारा। समझे? और *ये* तीन शक्तियाँ उसे शैतान बनाती है। समझे? ओह, यहाँ ये यहाँ जल, लहू और आत्मा जो कि परमेश्वर का है। और *ये* राजनीति, धर्म और शैतानी शक्ति, आपस में मिल गयी और उसे शैतान बनाती है।

210 मसीह का पहला आगमन, एक मरणहार। वह तीन बार आता है। मसीह तीन में। समझे? (ध्यान दे, वह कैसे आता है; वह चार है) मसीह पर ध्यान दे। पहला आगमन, वह एक मरणहार आता है लहू बहाने और मरने। क्या यह ठीक बात है? यह उसका पहला आगमन था। दूसरा आगमन रेपचर है; हम उस से आसमान में मिलेगे, अमरणहार उसका तीसरा आगमन, वह अवतरित परमेश्वर है आमीन! [भाई ब्रन्हम एक बार ताली बजाते है।—सम्पा।] परमेश्वर, इम्मेनवेल, पृथ्वी पर राज्य करने को!

211 सवार की चौथी स्थिति, ध्यान दे, इस सवार कि चौथी स्थिति मृत्यु कहलाई। *मृत्यु* का अर्थ, "परमेश्वर से अनन्त अलगाव।" मृत्यु का यही अर्थ है। परमेश्वर से अनन्त के लिये अलग हो गये।

212 अब, यदि हमने इसे व्यक्ति को बाहर रख दिया, दर्जे से, यदि हमने बाइबल से दिखा दिया है, कि यह व्यक्ति कौन है; और हमने यहाँ तक कि पहाडो को लिया, स्थान और सब जगह, बिल्कुल सही विस्तार से होते

हुये। और अब वह उकाब के द्वारा, "मृत्यु, " कहलाया गया। यही जो वह उसे कहता है। याद रहे, यहाँ, देखिये, मृत्यु अनन्त अलगाव है।

213 याद रखे, संत नही मरते, वे सोते है, मरते नही। "वह जो मेरे वचनो को सुनता है और उस पर विश्वास करता जिसने मुझे भेजा है उसके पास अनन्त जीवन है।" यह ठीक बात है। "न्याय में नहीं आयेगा; मृत्यु से पार होकर जीवन में आ गया, पुनरुत्थान और जीवन मैं हूँ, " यीशु ने कहा। "वह जो मुझ में विश्वास करता है, यद्यपि वह मरा हुआ था तो भी वह जीयेगा और जो कोई जीवता और मुझ में विश्वास करता है कभी नही मरेगा।" लाजरस मर गया? "वह सो गया है।"

214 "डर मत, लडकी मरी नहीं है परन्तु सोती है।" वे उस पर हंसे और तिरस्कार किया। क्या यह वह ठीक बात है? ओह, प्रभु! देखिये संत नही मरते।

215 परमेश्वर से अलगाव मृत्यु है, अनन्त मृत्यु। और यह व्यक्ति "मृत्यु, " कहलाया इसलिये इससे अलग रहे। वह क्या है? संगठित, संगठित सम्बधित तंत्र; पहला, नम्बर एक कलीसिया, संस्थागत और जब इसने कोन्सटनटाईन की समझ को लिया, नीसियन सभा में।

216 हम उन स्त्रियो को बीती रात लाये, और दर्शाया कि कैसे हवा पहली दुल्हन, इसके पहले कि दुल्हा उसे लेता, वह परमेश्वर के वचन पर अविश्वास के द्वारा अदन वाटिका में गिर गयी। आत्मिक दुल्हन जो मसीह के पेंटीकोस्ट के दिन में जन्मी इसके पहले वह उसे ले सका, क्या घटित हुआ? वह रोम में गिर गयी क्या? वचन के सद्गुण को धर्मसिध्दात के लिये खो दिया। आमीन। ओह प्रभु!

217 मैं—मैं—मैं उत्तेजना को फिर से अपने ऊपर आता हुआ अनुभव कर रहा हूँ, जी हाँ, श्रीमान, यह सोचते हुये... मेरा अर्थ उन्मत व्यवहार से नहीं। मेरा वह अर्थ नही हैं, परन्तु मैं बस... आप अनुभव नही करते है कि यह मुझे क्या करता है, अब मैं इसमे चार दिनो से बैठा हूँ। बस... और बस मुझे जरा सा कुछ कहना है, एक प्रकार से मनुष्य की सी भावना आ रही है, आप जानते है कि मेरा क्या अर्थ है। जी हाँ। ठीक है, इस प्रकार से बाते करना आरंभ करता हूँ और आप देखिये दर्शन सब जगहो में आ रहे है। यह ठीक बात है। देखिये, यही कारण है, मैं कुछ कहता हूँ कि अपने को फिर से वापस ले आऊँ, पीछे से फिर झकझोरु। समझे?

218 क्या आपने कभी ध्यान दिया मुझ पर जब विचारो के परखने की पंक्ति होती है? मैं कुछ कहुंगा, लोगो को हसा दुंगा; तब मैं कुछ कहुंगा, लोगो को रुलाता हूँ; तब मैं कुछ कहुंगा उन्हे क्रोधित कर देता हूँ। मैंने कुछ चिन्हित कर लिया है और मैं कुछ कहुंगा, कि देखू यह कैसे लेता है, तब मैं देखता हूँ उन पर किस प्रकार का उजियाला है, क्या घटित हुआ। तब मैं जानता हूँ यह कहाँ पर है, मैं जानता हूँ कि यह बुला रहा है या नहीं, यदि यह नहीं... वहाँ एक सच्चा विश्वासी बैठा है, ठीक है। आप उन्हे बुलाते है तब कहते है, "तुम *अमूक–अमूक*" हो। देखिये।

219 और जब आप नीचे आते है, आत्मा अभिषेक करना आरम्भ करता है, तब देखना आरम्भ करता है कि चमक हर ओर से आ रही है, देखिये, इस प्रकार से कमरे में चारो ओर, चारो ओर। इसलिये, यही कारण है मैं कुछ कहता हूँ, एक प्रकार फिर से आरम्भ करता हूँ, फिर से नया आरम्भ करता हूँ, देखिये।

220 तब पिछले रविवार से, मैं बस कमरे में बैठता हूँ बस प्रार्थना कर रहा हूं और अभिषेक के आधीन। मैं जानता हूँ यह ठीक है। आप परमेश्वर पर विश्वास करते है, आप जानते है आप करते है, आप जरा सप्ताह के अन्त में। ओह, ओह व्हू। समझे? समझे? ठीक है। देखा?

221 अब मृत्यु का अर्थ अनन्त अलगाव परमेश्वर से। और याद रखे, अब संत मरते नहीं।

222 याद रखे उसकी दुल्हन को एक पीला घोडा दिया गया... मेरा अर्थ इस सवार को एक पीला घोडा दिया गया था कि उसके साथ आगे बढे। उसे यह—यह पीला घोडा दिया गया कि उसके साथ आगे बढे। और वह इस पीले घोडे पर सवार हुआ, मृत्यु के। अब हम जानते है कि वह क्या था। हम जानते है कि यह कौन सी कलीसिया थी।

223 और स्मरण रखे पिछली रात्रि वह केवल एक "वैश्या," ही नहीं थी, "वह वैश्याओ की माता थी।"

224 और हम पाते है कि क्या था कि उसे वैश्या बनाया, एक स्त्री थी, जो स्त्री का एक प्रतीक थी। मैं बस... यह मिली जुली भक्त मण्डली में कहने के लिये स्पष्ट शब्द है, परन्तु बाइबल यह कहती है आप देखिये। इसलिये तब, हम अनुभव करते है कि यह—यह एक स्त्री जो अपने विवाह के शपथो के लिये झूठी है। और आप देखते है उसे होना चाहिये, स्वयं को कहती है

अपने आप को, “स्वर्ग की रानी” कहती है। (कि यह परमेश्वर की दुल्हन होगी, परमेश्वर मसीह है) और हम पाते है कि वह व्यभिचार कर रही है और वह पृथ्वी के राजाओ के साथ व्यभिचार का कारण बनी, और सारे धनी लोग और महान पुरुष। सारी पृथ्वी उसके पीछे–पीछे है। समझे?

225 और तब हम पाते है उसने कुछ पुत्रियो को जन्म दिया, और वे वैश्याये थी। वैश्या क्या है सिवाये एक वैश्या के वही चीज एक व्यभिचारी, व्यभिचार, दुष्ट, मिलावटे करना। उन्होंने क्या किया? संस्थागत, एक तंत्र लिया, मनुष्य द्वारा बनाया गया तंत्र सिखाया, पेंटीकोस्ट और समस्त झुण्ड!

226 अब अपने—अपने विवेक को अपनी जेब में ना रखे, पेंटीकोस्टल। मैं आपको कुछ बता दू। चलीये चीजो को आमने–सामने देखे। अब हम अपने मार्ग पर बहुत देर से चल रहे है, उन झटको को देने के लिये जाये। इधर देखिये।

227 हम लौदकिया कलीसियायी काल में रह रहे है। और यह सब अधिक हास्यपद कलीसिया युग है उन बाकी सब से, एक गुनगुनी और केवल एक जिसमे मसीह बाहर था वापस अन्दर आने की कोशिश कर रहा है और यह पेंटीकोस्टल का सन्देश चल रहा है, कहा, “मैं धनी हूँ!” लडके, तू पहले निर्धन था, अब तू वास्तव में धनी हो गया है, देखिये। “तुझे कोई आवश्यकता नही!” और—और ओह, तू क्या था!

228 उसने कहा, “तू नंगा है, कंगाल, अंधा, निर्धन, बेचारा, और यह जानता तक नहीं।”

229 अब यदि मनुष्य नंगा था, वहाँ सडक पर और यह जानता था, क्यों, वह अपनी सहायता करने का यत्न करेगा। परन्तु जब वह—जब वह यह नही जानता और आप उसे कोई अन्तर नही बता सकते, तो वह बुरी दशा में है, परमेश्वर उस पर दया करे। ठीक है। ध्यान दे। ओह प्रभु!

230 अब स्मरण रखे, यह मसीह विरोधी स्वयं, मनुष्य होने के नाते; उसकी दुल्हन, जो की उसकी कलीसिया है, “उसे प्रायश्चित करने का समय दिया गया और उसने यह नहीं किया,” उस कलीसियायी युग में, थुआथीरा में। आपको यह याद है?

231 भाई, आईये बस एक मिनट के लिये पीछे चले, एक मिनट पीछे जाने में यह हमें आघात नहीं पहुंचायेगा, आईये पीछे चले दूसरे अध्याय के लिये, एक मिनट। हम इसे पढेगे दूसरा अध्याय... अब थुआथीरा। अब ध्यान दे,

अब इसे जरा जल्दी से, ओह! हम बन्द करने के समय पर है, और आरम्भ भी नहीं किया है। परन्तु ध्यान दे, थुआथीरा। अब यह अट्ठारवे पद से आरम्भ होता है, दूसरे अध्याय के।

> *... थुआतीरा की कलीसिया के दूत को* (यह सन्देशवाहक) *यह लिख; परमेश्वर का पुत्र जिसकी आँखे आग की ज्वाला के समान और जिसके पांव उत्तम पीतल के समान है।*
>
> *वह यह कहता है कि, मैं तेरे कामो, तेरे प्रेम और विश्वास और सेवा और धीरज को जानता हूँ और यह भी कि तेरे पिछले काम पहलो से बढकर है।*
>
> *पर मुझे तेरे विरुध्द यह कहना है कि, तू उस स्त्री इजेबेल को रहने देता है...*

232 आप वहीं है। आप उसे जानते है बाइबल में, वह आहाब की पत्नी थी। और यहाँ वह स्त्री है, कलीसिया इजेबेल, झूठे भविष्यद्वक्ता की पत्नी जिसे कि परमेश्वर का सच्चा भविष्यद्वक्ता होना चाहिये, वह पोप; ठीक है वह सच्चा भविष्यद्वक्ता और उसकी पत्नी इजेबेल। अब, आहाब को एक सच्चा यहूदी होना चाहिये, परन्तु वह एक धूर्त था आप यह जानते है, क्योंकि उसकी पत्नी उसकी अगुवाई कैसे भी करती है, जैसा वह चाहता था। हम पाते है, इजाबेल अपना धन लेती है और इनकी अगुवाई उस मार्ग पर करती है जो भी वे चाहते है।

> *... जो अपने आपको भविष्यद्वक्तनी कहती है* (समझे ये? ) *और... मेरे दासो को* (देखिये, इजेबेल की शिक्षा सारे राष्ट्र में छा गयी) *व्यभिचार करने और मूर्तीयो के आगे चढायी गयी वस्तुये खाना सिखलाकर भरमाती है।*
>
> *... मैं उसे मन फिराने के लिये अवसर दिया* (देखा? ) *पर वह अपने व्यभिचार से मन नहीं फिराना चाहती।*

233 अब अगले पद पर, ध्यान दे।

> *... मैं उसे शैय्या पर डालता हूँ* (यह नरक है), *और जो उसके साथ व्यभिचार करते है उसके साथ भारी क्लेशों में डालुगा...* (यह महान क्लेश में जा रहे है, ना कि अब कलीसिया) *... यदि वे अपने कामो से मन ना फिरायेगे।*

234 अब यहाँ पर ध्यन दे।

> ... *मैं उसके बच्चो को मृत्यु से मार डालुंगा।* (वह वैश्या थे) *मृत्यु से* (आत्मिक मृत्यु)...

235 आप इसका विश्वास करते है? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] यह वचन है। "मैं उन्हे मृत्यु से मार डालुंगा।" और यदि वे मर गये है, वे अनन्त समय के लिये अलग हो गये है। ठीक है। याद रखे, उसने उसे प्रायश्चित के लिये समय दिया।

236 थुआतीरा युग अंधकार का युग था। वह काले घुडसवार ने उस समय में सवारी की, जब सारे लोगो को और सब को प्रार्थनाओ के लिये भुगतान करना पडता था और—और अग्नीशोधक और आदि–आदि। अब उसके काले घोडे को देखे, तब उसके प्रायश्चित के मना करने के पश्चात थुआतीरा में (क्या? ) अपने सवारी को काले घोडे से पीले में बदल दिया, मृत्यु, उसकी अन्तिम सेवा के लिये।

237 अब, मैं थोडा छोटा सा व्यक्तिगत यह झटका दे सकता हूँ। परमेश्वर को नकारना परमेश्वर की बुलाहट को नकारना, आप अन्तिम बार करेगे। किसी समय और जैसे कि कलीसिया ने किया, यह हो गया। परमेश्वर का धीरज मनुष्य के साथ सदा प्रयास नही करता करेगा। समझे?

238 और जब उसने इसे नकार दिया, और स्वीकार करने से नकार दिया तब वह बदल गयी और चली गयी... अब उसका एक नाम है जो "मृत्यु," कहलाया अलगाव। परमेश्वर ने कहा, "मैं उसके बच्चे भी ले लुंगा, प्रोटेस्टेन्ट, और उनमे से प्रत्येक को, मैं उन्हे अनन्त अलगाव से मार डालुंगा।" आप वही है, थुआतीरा युग, अंधकार का युग। उसका काला घोडा अब मृत्यु में बदल गया, उसकी अन्तिम सेवकाई के लिये।

239 देखिये कैसे कलीसियायी युग मोहरो के साथ मिली हुयी है? बिल्कुल सिद्ध और हम जानते है कि यह सही है। पवित्र आत्मा कोई गलती नहीं करता। उसने पिछली बार हमे एक महान समर्थन दिया, जब हमने वहाँ पहले कलीसियायी युगो को लिया था, आप जानते है।

240 परमेश्वर के प्रेम भरे धीरज को देखिये! इसके पहले कि वह उस पर न्याय लाये, उसने उसे प्रायश्चित के लिये समय दिया। और यह प्रभु के नाम में मैं यह कहता हूँ: उसने प्रोटेस्टेन्ट कलीसिया को वहीं चीज दी और वह यह नही करेगी। सन्देश हर जगह हिलाया गया और वह यह नहीं करेगी।

उसके अपने ही सिध्दात और मतसार है, मैं चिन्ता नही करता आप कितनी इसकी व्याख्या करते है।

241 और मैने वहाँ शिकागो में कहा, उस दिन वहाँ लोगो से अधिक सेवकगण यहाँ बैठे हुये हैं! और वहाँ उन्होंने मुझे शिक्षा के विषय में निशाना बनाया, सर्प वंश और ये सारी चीजे। मैने कहा, "कोई अपनी बाइबल ले और यहाँ आये, फिर मैने बराबर में खडा हो।" और किसी ने कुछ नहीं कहा।

242 टोमी हिक्स ने कहा, "मैने इस प्रकार से पहले कभी नही सुना, भाई ब्रन्हम। मैं उन तीन सौ टेपो को चाहता हूँ। मैं उन्हे अपने सारे सेवको को भेजने जा रहा हूँ।"

243 वहाँ लगभग पचास या पच्चतर थे, कहा, "मैं वहाँ बपतिस्मा देने जा रहा हूँ।" क्या वे आये? उन में से एक भी नही। क्यो? उसने उन्हे प्रायश्चित करने का समय दिया! और वह तुम्हारे बालको को मृत्यु के लिये डाल देगा, आत्मिक मृत्यु।

244 हम से कल आने वाली रात्रि में लेंगे, प्रभु ने चाहा, या शनिवार रात्रि उन विपत्तियो पर जो आती है। आप देखिये कि वहाँ क्या होता है।

245 जैसे उसने मिस्त्र को दिया, उसने मिस्त्र को प्रायश्चित का समय दिया। और अन्तिम विपत्ती क्या थी? मृत्यु थी।

246 यह अन्तिम विपत्ति जिसने पेंटीकोस्टल कलीसिया पर प्रभाव डाला, अंतिम मृत्यु है। वह मरी हुयी है। यह प्रभु के नाम में, वह आत्मिक रुप से मरी हुयी है। उसने उसे प्रायश्चित करने का स्थान दिया और उसने इसे नकार दिया। अब वह मरी हुयी है। वह फिर कभी नही उठेगी।

247 और वहाँ वे लोग ऐपोस्कोपेलियन और पादरियो को लाने का यत्न कर रहे है, और आदि–आदि और उन्हे, "पवित्र पिता कह रहे है और *अमूक–अमूक*।" क्यो, उन्हे अपने आप में लज्जित होना चाहिये। कैसे अन्धा मनुष्य पा सकता है! क्या यीशु नही कहता? जब वह सोने वाली कुवारी तेल खरीदने आती है, तो वह उसे नही मिलता!

248 हर कोई, आप लोगो को कहते सुनते है, "मेरे पास पवित्र आत्मा है, मैंने अन्य भाषाओ में बात की।" परन्तु वे इस प्रकार कि कलीसिया के आस–पास नही आना चाहते। "ओह, आप जानते है, मैं विश्वास नही

करता, मैं इस प्रकार कि जगहो में फिरना नहीं चाहता।" और फिर आप कहते है कि आपके पास पवित्र आत्मा है?

249 परन्तु आप अपने सम्मान भरे मार्गो का चाहते है, आप बाबुल में टिकना चाहते है और फिर भी स्वर्गीय आशीषो को आनन्द लेते है। आपको अपना चुनाव करना है, आप वहां बाहर संसार में नही रुक सकते और उसी समय परमेश्वर की सेवा करे। यीशु ने कहा आप परमेश्वर और शैतान की सेवा नही कर सकेगे। इसलिये यदि आप आशा नही करेगे...

250 यदि आप वास्तव में बचे हुये हैं, आप सभाओ में आनन्दित होगे, जहाँ पवित्र आत्मा स्वयं समर्थन दे रहा है और दिखा रहा है कि परमेश्वर का वचन ऐसा ही है।

251 किसी ने कहा, "लोग बहुत शोर मचाते है। यह मुझे अधीर कर देता है।" यदि आप स्वर्ग जायेगे तो आप अधीर हो जायेगे। और आप जरा सोचे, जब वे सारे वहाँ होगे, तो इस बारे में क्या? ओह, प्रभु! कैसे प्रभु लेना चाहता है...

252 वह धैर्य रखने वाला है, जैसे वह नूह के दिनो में था। उसने बहुत जतन किया। उसने बहुत धीरज रखा। एक सौ वर्षो तक कि वे प्रायश्चित कर ले। वे यह नही करेगे।

253 मिस्त्र के दिनो में, उसने विपत्तियां और सब चीजे भेजी। वे यह नही करेंगे।

उसने यूहन्ना को भेजा, वे वापस नही आयेंगे।

254 उसने यीशु को मरने भेजा कि सारे झुण्ड को बचा ले कि वे वचन सुनेगे।

255 और अब, अन्त के दिनो में, उसने फिर से प्रतिज्ञा की है कि वह उसे बाहर बुलाने के लिये सन्देश भेजेगा और मूल विश्वास को वापस लायेगा, वापस वचन पर। और वे इसे स्वीकार नही करेगे। वे अपने मत सिध्दात और मतसार में इतने हठधर्मी है यहाँ तक कि वे इसे नहीं चाहते। ओह, वे सोचते है यदि उनके पास... यदि एक स्वर्ग दूत नीचे उतर आये; परन्तु परमेश्वर ये नही करता।

256 वह किसी अनपढ को लेता है और मुर्ख कुछ ऐसा जो मुश्किल से अपना क ख भी नहीं जानता या—या कुछ भी। और फिर वह इस प्रकार का व्यक्ति लेता है, क्योंकि वह कुछ ऐसा लेता हैं जो कुछ नहीं है और उसमें

होकर कार्य करता है। जब तक कोई सोचता है कि वे कुछ है तो वे इस से कुछ नही कर सकते। उसने सदा यही किया है। आपको कुछ नहीं हो जाना है कि परमेश्वर के संग कुछ हो जाये। ओह, प्रभु!

257 ध्यान दे, अब भी, “उसने उसे प्रायश्चित का समय दिया, परन्तु उसने यह नहीं किया।”

258 उसने यह फिर किया; वह नही करेगी। उसका मना करना एक मार्ग है कि उसे बना दे... या उसका इन्कार करना शैतान के लिये उसके पास आने का एक सिद्ध मार्ग बनाता है और अवतरित हो जाये। यह ठीक बात है। स्वयं को उसमे अवतरित कर लेता है, क्योंकि उसने वचन का इन्कार किया है। और यह बिल्कुल वही बात है कि प्रोटेस्टेन्ट कलीसिया एक वेश्या बन गयी, क्योंकि उसने परमेश्वर के वचन के प्रमाणित सत्य का इन्कार किया, और इससे शैतान को अन्दर आने कि जगह मिल गयी, और स्वयं को अवतरित कर लिया। और वह पशु की एक मूरत बनायेगा जब वे एक साथ इकट्ठा हुये, अब ठीक सामने, और ठीक वैसे ही जा रहे है, जो उसने कहा। यह ठीक बात है। आमीन।

259 यदि मेरे पास शिक्षा होती, मै इसे निकाल कर ला पाता, मेरे पास शिक्षा नहीं है। मै बस पवित्र आत्मा की आशा कर रहा हूँ कि इसे आप पर प्रकट करे। और वह करेगा जो... यह ठीक बात है। वह इसे करेगा। जी हाँ। ध्यान दे।

260 देखिये कैसे, उसने यहाँ क्या किया। उसने परमेश्वर के सन्देश को प्रायश्चित करने के लिये अस्वीकार कर दिया, वह एक मसीह विरोधी हो गयी और यही जो वह थी, वह आयी, एक झूठी भविष्यद्वक्तनी, एक अवतरित शैतान और जब वह हुयी, अपनी झूठी शिक्षा के साथ। तब इस सब में परमेश्वर ने उसे प्रायश्चित करने का समय दिया, कि उसे पा लेने का यत्न किया।

261 देखिये कितना लम्बा धैर्य? कितना अद्भुत प्रेम! ऐसा कोई प्रेम नहीं! उनको देखे यहाँ तक, कि उसके मुंह पर थूका और आदि–आदि उसने उन्हे क्षमा कर दिया। यह परमेश्वर है। देखिये। नहीं...

262 परमेश्वर के सन्देश को अस्वीकार कर दिया! देखिये, उसे प्रायश्चित करने को कहा गया, वही वापस जाये जहाँ से वह गिरी थी।

263 और वह कहाँ से गिरी थी? वचन से। ठीक है। हवा कहाँ से गिरी थी? [सभा कहती है, "वचन से।"—सम्पा।] वचन! नामधारी कहाँ से गिरे? (वचन से) आप यही है। समझे? कोई दूसरा मार्ग नहीं, बस हर बार ठीक वचन पर वापस, ठीक वचन पर वापस। समझे? और वे एक तंत्र में आ गये जो उन्हे वचन से वापस दूर ले गया, उन्हे वचन से दूर ले गया बजाये के वचन में। ध्यान दे।

264 देखिये, उसे प्रायश्चित करने का समय दिया गया। *प्रायश्चित* कर का अर्थ, "वापस आओ, घूमो, मूंह घुमा लो।" *प्रायश्चित* करो, कि "वापस जाओ।" और उसे वापस जाने के लिये समय दिया गया कि वहाँ जाये जहाँ ये...

265 अब स्मरण रखे वह मूल थी, पेंटीकोस्टल कलीसिया जिस पर पवित्र आत्मा उण्डेला गया था, पेंटीकोस्टल के दिन। कितने बाइबल विद्यार्थी यह जानते है? निश्चय ही वह थी। देखिये, वह कहाँ से निकली? वह वचन से गिर गयी और मतसिध्दान्त अपना लिये। उसने आशा की... बजाये पवित्र आत्मा के उसने पवित्र मनुष्य को चाहा, "डॉक्टर एल. एल., पी. एच., क्यू.यू।" और फिर उसे पोप बना दिया। समझे? निश्चय ही। परन्तु यह, यही जो उसने चाहा कोई उसकी प्रार्थना करे। कोई... उसने अपने पैसौ का भुगतान किया और कुल मिला कर, उसे यही करना था। समझे?

266 अब, आज भी यही बात है, और जब तक उन्हे बैठने के लिये मंच मिलता है, चंदे की थैली में भारी भुगतान यही बहुत अच्छा है। वे उस कलीसिया के सदस्य है। इस विषय में उन्हे कुछ नहीं बताये; वे जानना नहीं चाहते। वे उसकी पुत्रियाँ है।

267 अब वह कहाँ से गिरी? प्रेरितो के प्रेरितायी के मूल वचन से और भविष्यद्वक्ताओ से। यही जहाँ से वह गिरी। यहीं जहाँ से प्राटेस्टेन्ट गिरे।

268 प्रायश्चित करो! वापस जाओ! वापस फिरो, इसके पहले कि बहुत देर हो जाये। यह पहले ही बहुत देर हो चुकी है, इन्ही दिनो में से एक दिन मेम्ना अपने स्थान को छोड देगा। इसलिये उसकी पुत्रियो से कहा गया अब, इसके पहले कि उसके साथ न्याय हो "वापस फिर जाओ।"

269 अब अन्तिम सन्देश, जो उन्हे मिला जब यह भविष्यद्वक्ता जिसके विषय में मैं बोल रहा हूँ। जिस विषय में बहुत सारी पुस्तके पढ चुका हूँ। और मैं जानता हूँ कि वास्तविक अच्छा समझदार आत्मिक विचारो वाले मनुष्य

जानते है कि यह आ रहा है। वे यह जानते है। वे जानते है ये आ रहा है, देखिये। वे... वे परन्तु इसकी पेरशानी यह है, वे कह रहे है, “हमे इसकी आवश्यकता है यह होने जा रहा है।” और जब यह आता है वे इतने नम्र होगे; वे सम्भवत: इस से चूक जायेगे, जैसा कि उन्होंने दूसरे समय में किया। यह ठीक बात है। लोग इस विषय में लिखेगे और हर चीज कहती है, “ओह, हाँ, इसके होने कि अवश्यकता है।” और फिर ये ठीक इनके सामने दर्शाया जाये और वे आगे बढते रहे, देखिये। इसलिये, उन्होंने सदा यही किया।

270 अब ध्यान दे, मूल वचन। वे... वे... उसे प्रायश्चित करके वापस जाना था, तब भी इसलिये उसकी पुत्रियो से कहा गया, जोर दिया गया... उनका न्याय होगा और उसी खाट पर डाली जायेगी और उसके साथ मार डाली जायेगी। उनसे कहा गया कि वापस मूल वचन पर आ जाओ, वापस प्रेरितो की शिक्षा पर चले जाओ। वे अपने मतसारो से इतनी बंधी थी और आदि–आदि, वे इसे नही करेगी। वे केवल इसका उपहास उडायेगी।

271 तब वे क्या करते है? अंतत: उन्होंने उस पशु की मूरत बना ली एक और एक सामर्थ; ध्यान दे, और कार्य करे, मेम्ने की दुल्हन जैसा उन्होंने प्रकाशितवाक्य 13:14 में किया। यही जो वे करते हैं, बस दु:ख देना, बस वही बात, कलीसियाये वैसे ही मसीह की सच्ची दुल्हन का उपहास उडाती है, जैसा रोम ने कभी किया। ठीक वैसे ही। जी हाँ श्रीमान। व्यवहार किया, मेम्ने की वास्तविक दुल्हन, ठीक वैसे ही जैसा उसने प्रकाशितवाक्य 13:14 में किया।

